21 अगस्त 2025
गुरुवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



चोरों के साफ्ट टारगेट बने आभूषण दुकान, व्यवसायियों की बढ़ी चिंता 2



# बोले राहुल उपराष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने कसी कमर, सुदर्शन रेड्डी लड़ेंगे दमदार चुनाव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष मिलकर सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने रेड्डी को संविधान की रक्षा करने वाला चेहरा बताया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी रेड्डी की उम्मीदवारी को लोकतंत्र बचाने की ऐतिहासिक पहल करार दिया। उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष का दावा है कि यह चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को रेड्डी के समर्थन में



एकजुट होकर यह संदेश दिया कि विपक्ष अब संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि रेड्डी ने तेलंगाना में जाति जनगणना पर काम किया और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस दृष्टिकोण तैयार किया। राहुल ने एक दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने रेड्डी से बातचीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी। रेड्डी ने उन्हें बताया कि वे पिछले 52 वर्षों से संविधान अपने साथ रखते हैं क्योंकि किसी भी कानूनी बहस का अंतिम उत्तर संविधान ही होता है। राहुल ने कहा कि यही प्रतिबद्धता आज देश को चाहिए।

### मल्लिकार्जुन खरगे ने भी लगाए आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बीते 11 वर्षों में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी संसदीय बहुमत का बार-बार दुरुपयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी स्वायत्त एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया है। खरगे ने कहा कि अब नए विधेयक भी विपक्षी सरकारों को कमजोर करने और उन्हें अस्थिर करने के औजार बना दिए गए हैं। उनके अनुसार, संसद में लगातार विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है और गंभीर जनहित के मुद्दों पर बहस तक नहीं होने दी जा रही। खरगे ने जोर देकर कहा कि ऐसे समय में बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी विपक्ष की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रेड्डी का जीवन और काम संविधान की आत्मा को दशार्ता है न्याय, करुणा और हर नागरिक को सशक्त बनाने की भावना। विपक्ष का मानना है कि रेड्डी उपराष्ट्रपति पद पर बैठकर न केवल लोकतंत्र की रक्षा करेंगे बल्कि देश को न्याय और एकता की नई दिशा देंगे।

### इंडिया गठबंधन की बैठक और रणनीति

इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन के केंद्रीय हॉल में रेड्डी से मुलाकात की और आगामी चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की। विपक्षी दलों ने दावा किया कि यह चुनाव भाजपा के लिए सत्ता का खेल हो सकता है, लेकिन उनके लिए यह संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती का सवाल है। सभी विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से रेड्डी को समर्थन देने का ऐलान किया और सांसदों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक प्रयास में साथ खड़े हों। विपक्ष का कहना है कि अब वक्त आ गया है जब संसद में सत्ता के दुरुपयोग और विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिशों के खिलाफ एक मजबूत संदेश दिया जाए।

### एनडीए उम्मीदवार के साथ संख्या बल, विपक्ष के लिए ये एकजुटता है इम्तिहान

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार तय हो चुके हैं। संसद भवन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता अपने-अपने उम्मीदवार को मजबूत बनाने में लगे रहे। सहयोगियों से बातचीत का सिलसिला जारी है। कांग्रेस के नेता जयराम रमेश कहते हैं कि यह चुनाव रोचक होगा। हालांकि, आंकड़े एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के पक्ष में हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीपी राधाकृष्णन के समर्थन में प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। संसद भवन में लगातार बैठकों का दौर जारी है। भाजपा सहयोगी दलों के अलावा कई विपक्षी दलों के नेताओं के भी संपर्क में है। सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री का कहना है कि उपराष्ट्रपति चुनाव में पिछले चुनाव की अपेक्षा सीपी राधाकृष्णन को काफी अधिक वोट मिलने का अनुमान है। सूत्र का कहना है कि सांसद अपनी आत्मा की आवाज सुनकर राधाकृष्णन के लिए पार्टी लाइन से ऊपर उठकर वोट करेंगे। भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल कहते हैं कि राजनीतिक और विचारधारा की मजबूरी में विपक्ष ने उम्मीदवार भले उतार दिया है, लेकिन जीत एनडीए के उम्मीदवार की होगी। पाल कहते हैं कि एनडीए का उम्मीदवार पिछले चुनाव की तुलना में अधिक अंतर से जीतेगा। इसकी वजह है। सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं। इसके अलावा एनडीए के पास संख्या बल है। इसके सामानांतर विपक्ष में आपस में ही एक प्रतिस्पर्धा चल रही है।

## अग्नि-5 का सफल परिक्षण, चीन-पाकिस्तान समेत कई देशों तक मारक क्षमता

# 5 हजार किलोमीटर तक दुश्मनों की खैर नहीं, तबाह कर देगा अग्नि-5



**एजेंसी/नई दिल्ली**

मिसाइल, सफल परीक्षण चीन-पाकिस्तान समेत भारत के दुश्मनों की खैर नहीं। भारत ने बुधवार को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि 5 मिसाइल का परीक्षण किया है। भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से सफलतापूर्वक अग्नि 5 मिसाइल का परीक्षण किया। इस परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मापदंड सफल रहे। रक्षा मंत्रालय ने बताया यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया। अब 5 हजार किलोमीटर दूर बैठे दुश्मनों की खैर नहीं. भारत ने बुधवार को अग्नि 5 मिसाइल का सफल परीक्षण कर लिया है। भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से इस मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि अग्नि-5 मिसाइल मौजूदा परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मानदंडों पर खरी उतरी है। इसमें कहा गया है कि यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया। अग्नि-5 भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की ओर से बनाई गई। परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल है। अग्नि सीरीज की सबसे एडवांस मिसाइल है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। इस मिसाइल में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसका में आधुनिक नेविगेशन है जो इसकी सटीकता को और बढ़ाती है। यह मिसाइल कई परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।

### भारत की जद में पाक-चीन के साथ आधी दुनिया

अग्नि-5 भारत की सबसे ताकतवर मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी रेंज करीब 5000 किलोमीटर तक की है। यानी पाकिस्तान और चीन के साथ-साथ आधी दुनिया इस मिसाइल की जद में है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने 11 मार्च 2024 को इसी परीक्षण रेंज से मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक का इस्तेमाल करके अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया था। सूत्रों के अनुसार, विभिन्न दूरमापी और रडार केंद्रों से इस पूरे परीक्षण पर नजर रखी गई और यह मिसाइल सभी निर्धारित मापदंडों पर खरी उतरी। भारत ने पहली बार अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण 19 अप्रैल 2012 को चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया था। तब इस मिसाइल को हिंद महासागर में एक निर्दिष्ट बिंदु पर प्रक्षेपित किया था। यह मिसाइल अधिकतम 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर जा सकती है और करीब 5,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है।

### खौफ का दूसरा नाम अग्नि-5

अग्नि-5 भारत की सबसे ताकतवर मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी रेंज करीब 5000 किलोमीटर तक की है। यानी पाकिस्तान और चीन के साथ-साथ आधी दुनिया इस मिसाइल की जद में है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने 11 मार्च 2024 को इसी परीक्षण रेंज से मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीक का इस्तेमाल करके अग्नि-5 का सफल परीक्षण किया था। सूत्रों के अनुसार, विभिन्न दूरमापी और रडार केंद्रों से इस पूरे परीक्षण पर नजर रखी गई और यह मिसाइल सभी निर्धारित मापदंडों पर खरी उतरी। भारत ने पहली बार अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण 19 अप्रैल 2012 को चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया था। तब इस मिसाइल को हिंद महासागर में एक निर्दिष्ट बिंदु पर प्रक्षेपित किया था। यह मिसाइल अधिकतम 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर जा सकती है और करीब 5,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है।




## सुदर्शन चक्र मिशन: केंद्र सरकार की चेतावनी

# नागरिकों को खतरे में डालेगा आतंकवाद तो पूरी ताकत से दिया जाएगा जवाब

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सरकार ने बुधवार को बताया कि भारत जल्द नए रक्षा कार्यक्रम 'सुदर्शन चक्र मिशन' पर काम करेगा। इस मिशन के तीन मुख्य लक्ष्य हैं। इसमें पहला लक्ष्य है- भविष्य के युद्ध कैसे होंगे, इसका पहले से अनुमान लगाना। इसके लिए विशेष तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जिसे 'प्रीडिक्टिव टेक्नोलॉजी' कहा जाता है। दूसरा लक्ष्य है झ ऐसे हथियार



और प्रणाली बनाना जो सटीक निशाना साधने वाले हों। यानी हमला सिर्फ उस जगह पर हो जहां जरूरत है। तीसरा लक्ष्य है झ यह सब तकनीकें भारत में ही बनाना, ताकि देश आत्मनिर्भर हो सके। सरकार का कहना है कि यह मिशन भविष्य में आने वाले खतरों से देश की रक्षा के लिए तैयार किया गया है.प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने बुधवार को देश की सुरक्षा स्थिति को लेकर एक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में बीते 11 वर्षों में रक्षा और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े कई बदलावों की जानकारी दी गई है।

## पैसा लगाकर खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने वाला बिल लोकसभा से पास

- ऑनलाइन मनी गेमिंग गंभीर सामाजिक समस्या: आईटी मंत्री वैष्णव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा से बिल पास हो गया है। बिल पास होने के बाद आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा ऑनलाइन मनी गेमिंग एक गंभीर सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बन गया है। इसका समाज पर नकारात्मक प्रभाव साबित हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रस्तावित कानून ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देगा और भारत को वैश्विक गेम डेवलपमेंट हब बनाएगा। वैष्णव ने कहा, हमारा प्रयास ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग, ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देना है और हम चाहते हैं कि भारत एक गेम-मेकिंग हब बने। इसके लिए पहले से ही काफी प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा, जहां तक डिजिटल तकनीकों की बात है, ऑनलाइन गेमिंग तीन मुख्य खंडों के साथ एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। दो खंड, ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग, समाज के लिए अच्छे हैं। हम तीन में से दो खंडों को बढ़ावा दे रहे हैं। इन दोनों को कानूनी मान्यता मिलेगी और इनका प्रचार किया जाएगा।

## राजनीतिक दलों ने इस घटना की निंदा की

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमला, गुजरात से आए युवक ने मारा थप्पड़

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ है। आरोपी पुलिस की हिरासत में है, जांच जारी है। राजनीतिक दलों ने इस घटना की निंदा की है। बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान एक युवक ने हमला कर दिया। यह घटना मुख्यमंत्री आवास पर उस समय हुई, जब वह लोगों की शिकायतें सुन रही थीं। मुख्यमंत्री आवास के अधिकारियों



के अनुसार, एक व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर जनसुनवाई में पहुंचा और अचानक मुख्यमंत्री को थप्पड़ मार दिया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया। उसे सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन ले जाया गया है, और पूछताछ जारी है। पुलिस की शुरूआती जानकारी के अनुसार, आरोपी ने अपना नाम राजेश भाई खिमजी सकरिया बताया है, जो राजकोट का निवासी है। उसकी उम्र एक रिपोर्ट में 41 साल, जबकि दूसरी में 35 साल बताई गई है। दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय को इस हमले की सूचना दे दी है। वहीं, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस भी मुख्यमंत्री आवास पर पहुंच चुके हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर ने बताया कि आरोपी व्यक्ति जनसुनवाई के बहाने सीएम गुप्ता के पास पहुंचा। उसने पहले कुछ कागजात दिए, फिर चिल्लाने लगा और थप्पड़ मार दिया। हालांकि, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री को थप्पड़ मारे जाने की खबर का खंडन किया। उन्होंने कहा कि आज सुबह जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री जनता से बात कर रही थीं। तभी एक शख्स आया, उसने कुछ कागज रखे और अचानक उनका हाथ पकड़कर खींचने की कोशिश की।



**कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पारस नाथ, जिला मत्स्यपालन पदाधिकारी आशुतोष प्रकाश अन्य मौजुद रहे**

# शेलफिश पालन से आत्मनिर्भरता की ओर, डुमरांव में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**केटी न्यूज/डुमरांव**

मत्स्यपालन के क्षेत्र में नई संभावनाओं को लेकर वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय, डुमरांव, बक्सर में मंगलवार को ष्शेलफिश प्रजनन एवं पालनष विषय पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। यह प्रशिक्षण 19 से 21 अगस्त 2025 तक चलेगा और इसका वित्तपोषण बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान (बामेती), पटना द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पारस नाथ, जिला मत्स्यपालन पदाधिकारी आशुतोष प्रकाश, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सुदय प्रसाद एवं डॉ. चंद्रशेखर प्रभाकर, सह-समन्वयक डॉ. गौतम कुणाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने शेलफिश पालन की वैज्ञानिक पद्धतियों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

### बिहार के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागी

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बक्सर, भोजपुर, पटना, कैमूर एवं रोहतास जिलों से लगभग 50 प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक एवं प्रगतिशील किसान शामिल हुए हैं। इन प्रतिभागियों को शेलफिश प्रजनन एवं पालन से जुड़ी आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### सरकारी योजनाओं की जानकारी

जिला मत्स्यपालन पदाधिकारी आशुतोष प्रकाश ने प्रशिक्षणार्थियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे मत्स्यपालन विकास कार्यक्रमों और विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर किसान न केवल उत्पादन बढ़ा सकते हैं बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बना सकते हैं।

### प्रशिक्षण का उद्देश्य और महत्व

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मत्स्यपालकों को शेलफिश के वैज्ञानिक प्रजनन एवं पालन तकनीकों से परिचित कराना है। विशेषज्ञों ने बताया कि इस क्षेत्र में आधुनिक पद्धतियों के प्रयोग से उत्पादन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि संभव है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को यह भी सिखाया जाएगा कि वे प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने गांवों में युवाओं और किसानों के साथ साझा करें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मत्स्यपालन से जुड़ सकें।

### प्राचार्य का संदेश, आत्मनिर्भरता की ओर कदम

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पारस नाथ ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम मत्स्यपालकों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। इनसे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी बल्कि वे आत्मनिर्भर बनकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करेंगे।

### उत्साह से भरे प्रतिभागी

कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी काफी उत्साहित नजर आए। उनका कहना था कि इस प्रशिक्षण से उन्हें मत्स्यपालन के नए आयामों की जानकारी मिल रही है, जिसे वे अपने क्षेत्रों में जाकर युवाओं और किसानों के बीच साझा करेंगे। डुमरांव में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मत्स्यपालन के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। यदि शेलफिश पालन की आधुनिक तकनीकों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो, तो यह क्षेत्र ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का बड़ा जरिया बन सकता है।

# चोरों के साफ्ट टारगेट बने आभूषण दुकान, व्यवसायियों की बढ़ी चिंता



- अचोरी मामलों के उद्भेदन में खाली हाथ है पुलिस, अनुमंडल इलाके में कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके है चोर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल इलाके में चोरों का तांडव बढ़ते ही जा रहा है। वहीं, आभूषण दुकान तथा घरों में आभूषण रखने के शौकीन चोरों के साफ्ट टारगेट बने हुए है। हाल के महीनों में अनुमंडल इलाके में आभूषण दुकानों तथा लोगों के घरो से भी चोरों ने लाखों रूपए मूल्य के जेवरात चुराए है। सभी मामलों में पुलिस के हाथ खाली है।

चोरी की हर वारदात के बाद पुलिस का दावा होता है कि इस मामले का जल्दी उद्भेदन कर लिया जाएगा। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए मुखबीरों से लगायत तकनीकी साधनों व वैज्ञानिक अनुसंधान का सहारा भी लेती है, बावजूद चोरों के गिरेबां तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पा रहे है। जिससे एक तहफ जहां चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है, वहीं आभूषण व्यवसायी के साथ ही आम आवाम में भय व्याप्त है।इसके अलावे भी हाल के दिनों में अनुमंडल इलाके में चोरी तथा उचक्कई की कई घटनाएं हो चुकी है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहा है। वहीं, लोगों में चोर उचक्कों का भय बना हुआ है।

रविवार को डुमरांव में आभूषण की मरम्मत करवाने आई मझवारी की आशा देवी से एक लाख रूपए से अधिक के आभूषण, सोमवार को कोपवां गांव निवासी हीरा साह से 50 हजार रूपए की चोरी, मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय के सामने से भरी दोपहरी रिटायर्ड फौजी की बाइक चोरी तथा कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार से एक दवा व्यवसायी के घर से तथा हरखाही मठियां गांव स्थित एक घर से आभूषण चोरी की घटनाएं शामिल है।

### केस स्टडी - 1

कोरानसराय में मुख्य पथ के किनारे आभूषण दुकान का संचालन करने वाले राजेश वर्मा पिता दशरथ प्रसाद सेठ की दुकान में 8 फरवरी की रात चोरों ने धावा बोल 80 ग्राम सोने तथा लगभग पांच केजी चांदी के आभूषण चुरा लिए। दुकानदार ने चोरी गए आभूषण की कीमत आठ लाख रूपए आंका। चोरी के दौरान चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस ने अपने मुखबीरों, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साधनों तथा श्वान दस्ता आदि का सहारा लिया। बावजूद आजतक चोरों को पकड़ना तो दूर पुलिस उनकी शिनाख्त भी नहीं कर पाई।

### केस स्टडी -2

श्रज्वेलर्स से करीब 15 लाख रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने पहले सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया, हालांकि फुटेज में उनकी हरकतें कैद हो गई हैं। दुकानदार धीरज कुमार सोनी ने सोमवार सुबह शटर टूटा देखा तो गोदरेज से गहने गायब मिले। सूचना पर पुलिस पहुंची और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया। बावजूद अभी तक पुलिस चोरों का पता नहीं लगा सकी है।

### केस स्टडी - 3

कृष्णाब्रह्म में अपराधी 16 अगस्त की सुबह कठार गांव निवासी तेज प्रकाश सिंह की पत्नी फूल कुमारी देवी को हिप्नोटाइज कर दिन दहाड़े 3 लाख के गहने ले उड़े। अपराधियों ने पीड़ित महिला को वश में किया और करीब तीन लाख रुपए मूल्य के गहनों समेत नकद पांच हजार रुपए ठग लिए। इस मामले में पीड़िता ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार तेज प्रकाश सिंह की पत्नी फूल कुमारी देवी टुड़ीगंज बाजार करने जा रही थीं। इसी दौरान कृष्णाब्रह्म चौक पर दो संदिग्ध युवक उनका पीछा करते हुए पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने किसी विधि से उन्हें हिप्नोटाइज कर दिया, जिसके बाद पीड़िता ने अपना आपा खो दिया, और अपने गहने एक बैग में रख दिए जिसके बाद संदिग्ध युवक बैग लेकर फरार हो गए थे। मामले की जांच करने एसडीपीओ पोल्तस कुमार स्वयं पहुंचे। एसडीपीओ ने बताया कि मामले का जल्द ही उद्भेदन किया जाएगा।

> अनुमंडल इलाके में बड़े अपराध पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। अलग-अलग तरीके की अपराधिक घटनाओं का अनुसंधान तेजी से किया जा रहा है। जल्दी ही अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
>
> **पोलस्त कुमार, एसडीपीओ, डुमरांव**

# नहाने के दौरान कर्मनाशा नदी में डूबा युवक, तलाश जारी

- सोनपा गांव का रहने वाला था युवक, देर शाम तक नहीं मिली थी सफलता, मौके पर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा अंचल के सोनपा गांव के समीप कर्मनाशा नदी में बुधवार की शाम नहाने के दौरान 22 वर्षीय एक युवक गहरे पानी में डूब गया। इसकी जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। कर्मनाशा में लापता हुए युवक के स्वजन भी मौके पर पहुंचे। वहीं, ग्रामीणों से सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोरों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन देर शाम तक युवक का पता नहीं चल सका। लापता युवक की पहचान सोनपा गांव निवासी शिवशंकर राम के पुत्र अनीश कुमार के रूप में हुई है। वह गुजरात की एक निजी फैक्ट्री में कार्यरत था और करीब दस दिन पूर्व ही गांव लौटा था। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम घर आने के बाद वह स्नान करने नदी में गया, जहां तेज बहाव और गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। उसे डूबता देख आस-पास में नहा रहे उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद युवक शोर मचाते हुए गांव की तरफ भागे तथा युवक के घरवालों के साथ ही ग्रामीणों को इस घटना से अवगत कराया। वहीं, सूचना पर राजपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार, सीओ और बीडीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू करवाई। बताया जाता है कि ग्रामीण नीलू खरवार ने घटना की जानकारी प्रशासन को दी थी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही अनीश के घर में कोहराम मच गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। अनीश दो भाइयों में बड़ा था और परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि गोताखोरों की मदद से लगातार तलाश जारी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम का माहौल है।

वहीं, नदी की गहराई तथा अंधेरा बढ़ता देख अब ग्रामीण गोताखोर लापता युवक की तलाश में हाथ खड़े कर रहे है। प्रशासन द्वारा मौके पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। बताया जा रहा है कि अब गुरूवार को लापता युवक की तलाश करवाई जाएगी।

गौरतलब हो कि हाल के दिनों में कर्मनाशा नदी में बाढ़ आई थी। अभी भी नदी में बहुत अधिक पानी है। बावजूद इसकी परवाह छोड़ हर दिन लोग बड़ी संख्या में नदी में नहाने जाते है। पिछले महीने भी कर्मनाशा में मवेशी धोने के दौरान एक किशोर डूब गया था।

# शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार 40 पीस टेट्रा पैक बरामद

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शराबबंदी कानून के बीच पुलिस लगातार छापेमारी कर अवैध कारोबार पर नकेल कस रही है। मंगलवार की शाम डुमरांव पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब धंधेबाज को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान शहीद मर्द मोहल्ला निवासी गौतम प्रजापति के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी काली मंदिर रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान गश्ती कर रही पुलिस की टीम की नजर उस पर पड़ी। पुलिस को देखकर आरोपी घबराकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन जवानों ने दौड़कर उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 40 पीस एट पीएम ब्रांड का टेट्रा पैक शराब बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने शराब बेचने के इरादे से इसे रखने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि शराब की सप्लाई कहां से हो रही थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू कराने के लिए नियमित छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

# भाजयुमो के जिला प्रवक्ता बने मनीष मिश्र, लगा बधाईयों का तांता



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की कार्यकारिणी विस्तार सूची में दियारा क्षेत्र के युवा नेतृत्व को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। सिमरी प्रखंड के राजापुर गांव निवासी तेजतर्रार युवा नेता मनीष मिश्र को भाजयुमो का जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन से पार्टी कार्यकताओं, खासकर युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। मनीष मिश्र का परिवार लंबे समय से राजनीति और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है। इसी पृष्ठभूमि और खुद की सक्रियता के बल पर मनीष ने कम समय में जिले की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी बेबाकी और कार्यकुशलता को देखते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष अविनाश पांडेय ने उन्हें प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के नेताओं का मानना है कि उनके प्रवक्ता बनने से युवा मोर्चा को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। मनोनयन की सूचना मिलते ही जिले भर से बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। भाजपा नेता शक्ति राय, सोनू मिश्र, धीरज पाठक, अभिषेक कुमार, मुखिया सिंह कुशवाहा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनीष मिश्र के नेतृत्व में युवा मोर्चा और अधिक सक्रिय होगा। नेताओं ने विश्वास जताया कि उनकी तेजतर्रार कार्यशैली पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। गौरतलब है कि दियारा क्षेत्र के युवाओं के बीच मनीष मिश्र पहले से ही एक लोकप्रिय नाम हैं। वे बचपन से ही सामाजिक कार्यों और जनहित की गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में उनकी सक्रियता ने उन्हें इलाके के युवाओं के बीच खास पहचान दिलाई है। यही वजह है कि उनके प्रवक्ता बनने पर कार्यकताओं का उत्साह दोगुना हो गया है।

स्थानीय कार्यकताओं का मानना है कि युवा मोर्चा को यदि जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है तो ऐसे युवाओं को आगे लाना होगा, जो समाज और राजनीति दोनों में सक्रिय हों। मनीष मिश्र की छवि उसी श्रेणी में फिट बैठती है।

## एक नजर

### पुलिस की तत्परता से लापता किशोर बरामद

**डुमरांव।** डुमरांव थाने की पुलिस ने अपनी तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए शिवपुरी कॉलोनी से लापता 14 वर्षीय किशोर को सकुशल बरामद कर लिया है। किशोर के सकुशल बरामद होने से स्वजनों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, मुन्नी देवी का पुत्र 18 अगस्त की शाम ट्यूशन जाने के बहाने घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। किशोर के गायब होने के कुछ देर बाद ही पीड़िता के बैंक खाते से 28 हजार रुपये की निकासी का संदेश आया। इसके बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई। 19 अगस्त की शाम किशोर का इंस्टाग्राम वीडियो कॉल पर ट्रेन में सफर करते हुए देखा जाना भी मामले को और पेचीदा बना रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने लगातार प्रयास कर किशोर से संपर्क स्थापित किया और बुधवार की शाम 4 बजे उसे सुरक्षित बरामद कर लिया। इस त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़ित परिवार को राहत मिली, बल्कि इलाके में पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। स्थानीय लोगों ने डुमरांव पुलिस की सक्रियता और तत्परता की सराहना की है। यह घटना पुलिस की सजगता और आधुनिक तकनीकी साधनों के कुशल उपयोग का उदाहरण पेश करती है।

### रिटायर्ड आईपीएस आनंद मिश्र के भाजपा में शामिल होने पर कार्यकताओं में खुशी की लहर



**बक्सर।** पिछले लोकसभा चुनाव में बक्सर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले तथा असम कैडर के आईपीएस अधिकारी रहे आनंद मिश्र ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उनके भाजपा में शामिल होने से बक्सर के भाजपा कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। खासकर युवा कार्यकर्ता उनके इस कदम की जमकर सराहना कर रहे है। भाजपा कार्यकताओं का कहना है कि उनके भाजपा में शामिल होने से बक्सर जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी। बक्सर भाजपा के प्रवक्ता शक्ति राय ने कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी उच्च शिक्षित के साथ ही व्यवहार कुशल है तथा उनके अंदर बक्सर जिले को विकसित जिला बनाने का विजन है। उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का संचार हो गया है। युवा नेता दीपक यादव ने कहा कि वे पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान ही जिले के युवाओं के चहेता बन गए थे, इसका लाभ पार्टी को मिलेगा। वहीं, भाजयुमो प्रवक्ता मनीष मिश्र, युवा नेता मुखिया सिंह कुशवाहा, रोहित सिंह, संटू मित्रा, अभिषेक कुमार आदि ने पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्र के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर बधाई दी है। वहीं, दूसरी तरफ डुमरांव निवासी व भाजपा महिला मोर्चा की प्रांतीय नेता पुष्पांजली देवी ने पूर्व आईपीएस आनंद मिश्र के भाजपा में शामिल होने पर उन्हें बधाई दी है। पुष्पांजली पटना कार्यालय पहुंच आनंद मिश्र को अंग वस्त्र दे सम्मानित की है। उन्होंने बताया कि आंनद मिश्र के पार्टी में शामिल होने से भाजपा को न सिर्फ बक्सर में बल्कि पूरे शाहाबाद में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पढ़े-लिखे व सुलझे युवाओं का शुरू से ही सम्मान करती है।






नप ने चुनाव आयोग के पास भेजा था वेरिफिकेशन का डाटा, जिसे लौटाया गया

# डोर टू डोर मतदताओं का किया गया वेरिफिकेशन का डाटा उड़ा, फिर से बनाना होगा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर में मतदताओं का विशेष गहल पुरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें बीएलओ और सुपरवाइजर लगे हुए हैं। तय समय पर इनके द्वारा डाटा को तैयार कर नगर परिषद को सौंप दिया गया था। नप ने उक्त डाटा को चुनाव आयोग के पास भेज दिया था, लेकिन इसमें मतदताओं के वेरिफिकेशन पर सवाल खड़ा कर दिया गया है। नगर परिषद ने मतदताओं का पुनरू वेरिफिकेशन कर डाटा तैयार करने के लिये आदेश जारी किया गया है। इसको लेकर नप के सिटी प्रबंधक ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ बैठक किया। बैठक में सभी को बताया गया कि आपके द्वारा जो मतदताओं का वेरिफिकेशन डाटा भेजा गया था, उसमें त्रुटि पायी गई है, लिहाजा इसे फिर करके भेजना है। मालूम हो कि डुमरांव नगर में कुल बूथों की संख्या 48 है और मतदाता 46 हजार 493 हैं। लिहाजा सभी का वेरिफिकेशन डोर टू डोर करते हुए डाटा तैयार करना है। सभी को यह भी बताया गया कि आयोग के तरफ बताया गया है कि मतदाता वेरिफिकेशन के दौरान जो 11 प्रमाण पत्रो की मान्यता दी गई है, उसी में से किसी एक को देखते हुए आगे का काम करना है। हालांकि बीएलओ और सुरपवाइजर का काम कर रहे शिक्षकों का कहना है कि हमलोगों के द्वारा जो वेरिफिकेशन कर जो डाटा सौंपा गया था, सही थी। नप की लापरवाही से डाटा समाप्त हो गया है और हमलोगों से उसी काम को फिर से कराया जा रहा है। साथ ही मतदताओं को भी यह सुझाव दिया गया की कोई सवाल है या इस संबंध में किसी प्रकार की मदद चाहिए तो बीएलओ और सुपरवाइजर के पास रख सकते हैं, आपकी मदद की जाएगी।

# बक्सर शिक्षा विभाग के कार्यालय में दबंगों का आतंक





अधिकारी-कर्मी सहमे, प्रशासन मौन, माफियाओं के हौसले बुलंद

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला शिक्षा कार्यालय (डीईओ) बक्सर इन दिनों दबंगों और माफियाओं के आतंक से त्राहिमाम कर रहा है। शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी खुलेआम हो रही गुंडई के सामने खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। आलम यह है कि सरकारी दफ्तर के भीतर मारपीट, गाली-गलौज और तोड़फोड़ जैसी घटनाएं सामने आने के बाद भी पुलिस और जिला प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है। नतीजतन, कार्यालय में कार्यरत लोग भय के साये में काम करने को मजबूर हैं। ये हम नहीं बल्कि कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज भी इसके प्रमाण दे रहे है। 16 मार्च 2023 की एक घटना इसका सबसे बड़ा सबूत है। उस दिन नेहरू स्मारक विद्यालय परिसर स्थित सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय के निचले तल्ले पर डीपीओ शारिक अशरफ के चेंबर में तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) अनिल द्विवेदी भी मौजूद थे। अचानक अजय सिंह और अरविंद सिंह कार्यालय में घुस आए। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि दोनों दबंग गुस्से में कमरे में आते ही जोर-जोर से चिल्लाने लगे। वहां मौजूद एक शिक्षक या कर्मचारी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उसका कॉलर पकड़कर कमरे से बाहर धकेल दिया गया। इसके बाद हालात और बिगड़ गए। फुटेज के अनुसार, अजय और अरविंद ने डीपीओ शारिक अशरफ पर गाली-गलौज की और मारपीट की धमकी दी। टेबल पर रखी फाइलें व अन्य सामान बिखेर दिए गए। जब तत्कालीन डीईओ अनिल द्विवेदी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की की गई। यह पूरा घटनाक्रम लगभग 1 मिनट 34 सेकेंड तक चलता रहा। सीसीटीवी का यह फुटेज शिक्षा विभाग व अधिकारियों के बीच अजय-अरविंद के दबंगई का प्रत्यक्ष प्रमाण है, लेकिन इस घटना के दो साल से अधिक हो गए, बावजूद विभाग में उनकी आवाजाही लगातार बनी हुई है, जिससे कर्मियों में भय का माहौल है।

## अधिकारियों में दहशत का माहौल

इस घटना ने कार्यालय के कर्मचारियों और अधिकारियों के मन में भय बैठा दिया। सवाल यह है कि यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मी सरकारी दफ्तर के भीतर ही सुरक्षित नहीं हैं, तो वे निष्पक्ष और निडर होकर काम कैसे करेंगे। कार्यालय से जुड़े लोगों का कहना है कि दबंगों का नेटवर्क इतना मजबूत है कि कोई भी उनके खिलाफ खुलकर आवाज उठाने की हिम्मत नहीं कर पाता। अगर किसी ने विरोध किया तो उसके खिलाफ शिकायतों की बौछार शुरू हो जाती है। नतीजा, आरटीआई, लोक शिकायत या अन्य बहानों से निलंबन तक की नौबत आ जाती है।

## प्रशासन की चुप्पी से बढ़ा मनोबल

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आने के बावजूद न तो पुलिस ने कार्रवाई की और न ही जिला प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया। अधिकारियों का कहना है कि अगर उनके साथ फिर से मारपीट या दबंगई होती है तो उन्हें बचाने वाला कोई नहीं होगा। यही कारण है कि दबंगों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

## सत्ता से मिल रही है दबंगो को ताकत

सूत्रों का दावा है कि अरविंद सिंह को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्हें सांसद सहयोगी बनाए जाने के बाद जिला शिक्षा कार्यालय में दबंगई करने का मानो लाइसेंस मिल गया। अक्सर वे अधिकारियों के सामने बैठकर दबाव बनाते हैं। इसके साथ ही उनकी कंपनी साई इंटरप्राइजेज का काम शिक्षा विभाग के जरिए करवाया जाता है। इतना ही नहीं, फर्स्ट आईडिया नामक कंपनी के साथ भी उनका अप्रत्यक्ष संबंध बताया जाता है। इसकी पुष्टि कंपनी और अरविंद सिंह व उनकी पत्नी गीता देवी के बीच हुए लेन-देन से सामने आ चुकी है।

## सवालों के घेरे में तंत्र

यह पूरा मामला प्रशासन और शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जब सरकारी दफ्तरों में खुलेआम गुंडई हो रही है, तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा। अधिकारी खुद ही त्राहिमाम कर रहे हैं, ऐसे में उनसे बेहतर शिक्षा व्यवस्था की उम्मीद करना बेमानी है। जाहिर है बक्सर का जिला शिक्षा कार्यालय इन दिनों दबंगों और माफियाओं के चंगुल में फंसा हुआ है। अधिकारी और कर्मचारी डरे-सहमे काम कर रहे हैं, जबकि प्रशासन की चुप्पी दबंगों का मनोबल और बढ़ा रही है। सीसीटीवी फुटेज से लेकर गवाही तक सबकुछ मौजूद है, लेकिन कार्रवाई नहीं। सवाल है कि आखिर कब तक शिक्षा विभाग राजनीति और माफिया गठजोड़ की कीमत चुकाता रहेगा?

## एक नजर

### सड़क पर आवारा कुत्ता बना हादसे का कारण, बाइक सवार गंभीर जख्मी

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह पशु मेला के समीप पेट्रोल पंप के पास अचानक सामने आए कुत्ते को बचाने की कोशिश बाइक सवार के लिए जानलेवा साबित हो गई। इस हादसे में जमुआव गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह (48 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शैलेन्द्र सिंह अपने घर से बाइक पर सवार होकर पशु मेला जा रहे थे। तभी अचानक सड़क पर कुत्ता दौड़कर आ गया। अनहोनी से बचने की नीयत से उन्होंने तत्काल ब्रेक लगाया और बाइक को मोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असंतुलन के कारण वे सड़क पर गिर पड़े। गिरते ही उनका सिर और चेहरा बुरी तरह सड़क से टकराया, साथ ही पैर में भी गंभीर चोट लग गई। हादसा इतना जोरदार था कि आस-पास अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि सिर और चेहरे पर गहरी चोटें होने से हालत नाजुक बनी हुई है।उधर, घटना की खबर मिलते ही शैलेन्द्र सिंह के परिजन अस्पताल पहुंचे और उन्हें वाराणसी ले जाने की तैयारी में जुट गए। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी बेचैनी का माहौल है। इस पूरे मामले पर मुफस्सिल थाना प्रभारी शम्भू भगत ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिली थी। घायल की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें तत्काल वाराणसी रेफर कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस हादसे को प्रशासन की लापरवाही भी बताया। उनका कहना है कि चौसा-बक्सर मार्ग पर अक्सर आवारा पशु और कुत्ते घूमते रहते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने मांग की कि प्रशासन को इस पर ठोस कदम उठाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।


### डुमरांव पुलिस का अभियानरू, आधा दर्जन वारंटियों को दबोचा

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वारंटियों की धरपकड़ अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली और छह वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़े गए वारंटियों में स्टेशन रोड निवासी महेंद्र प्रसाद यादव, निमेज टोला के विकास कुमार, मतहिया नीम मोहल्ला के विनोद चौधरी और अशोक चौधरी, गड़ीखाना मोहल्ला निवासी महेंद्र पासी तथा खिरौली गांव के गगन राय शामिल हैं। इन सभी पर विभिन्न मामलों में स्थानीय थाना क्षेत्र में आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। कोर्ट द्वारा जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विशेष छापेमारी कर इन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि न्यायालय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी आगे भी जारी रहेगी।

### अपराध की योजना बनाते तीन नाबालिग चढ़े पुलिस के हत्थे

**बक्सर।** बक्सर एसपी शुभम आर्य को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक बड़ी अपराधिक घटना को समय रहते टाल दिया है। पुलिस ने इस दौरान नगरा के बुधनपुरवा सिंडिकेट के पास छापेमारी कर एक देशी पिस्टल व 14 कारतूस के साथ तीन नाबालिगों को पकड़ा है। सभी नगर थाना क्षेत्र के ही रहने वाले है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बुधनपुरवा के पास एक नाबालिग अवैध हथियार के साथ घूम रहा है तथा वह किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में लगा है। इस सूचना पर नगर थाना की टीम को छापेमारी करने के लिए भेजा गया। इस टीम ने पहले एक किशोर तथा बाद में उसकी निशानदेही पर दो और किशोरों को पकड़ न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। उनके पास से एक देशी पिस्टल तथा 14 कारतूस मिले है।

# राजस्व महाअभियान में खुलियाम लापरवाही, डोर टू डोर वितरण के बजाय मंदिर में बंट रहा पंजी



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड में चल रहे राजस्व महाअभियान को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जहां विभागीय स्तर पर स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि अभियान में लगे सभी कर्मी डोर टू डोर जाकर प्रत्येक रैयत को पंजी का वितरण करें, लेकिन हकीकत बिल्कुल अलग है। मामला प्रखंड के नया बाजार स्थित मां भवानी मंदिर का है, जहां बुधवार को राजस्व अभियान में लगे कर्मी खुद घर-घर जाने के बजाय मंदिर में बैठक कर लोगों को बुलाकर पंजी का वितरण कर रहे हैं।

इस लापरवाही से ग्रामीणों के बीच आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी रैयत को सूचना नहीं मिली कि मंदिर में पंजी वितरण हो रहा है, तो उसका पंजी छूट जाएगा। ऐसे में सरकारी योजना का लाभ सभी तक नहीं पहुंच पाएगा। जबकि जिलाधिकारी ने साफ निर्देश जारी किया है कि किसी भी हाल में डोर टू डोर जाकर ही पंजी का वितरण किया जाए, ताकि एक भी रैयत वंचित न रहे।ग्रामीणों ने बताया कि उनका घर बाजार से काफी दूर है। ऐसे में उन्हें छोटे-छोटे कामों के लिए भी सरकारी दफ्तर का चक्कर काटना पड़ता है। अब जब महाअभियान शुरू हुआ है तो कर्मियों की लापरवाही के कारण फिर से आमजन परेशान होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह अभियान जनता की सुविधा के लिए है, न कि उन्हें और अधिक परेशान करने के लिए।ग्रामीणों ने विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कर्मियों को तत्काल निर्देशित किया जाए कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर पंजी का वितरण करें। यदि डोर टू डोर वितरण नहीं हुआ तो महाअभियान का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा और इसका सीधा खामियाजा आम रैयत को भुगतना पड़ेगा।विदित हो को प्रखंड 8 हजार 929 रैयत है जिसमें से 2 हजार 155 रैयतों का जमाबंदी पंजी वितरण किया जा चुका है।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने किया संचार व पंचायती राज दिवस का आयोजन





**केटी न्यूज/बक्सर**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मनोज पांडे ने की। जयंती की शुरूआत केक काटकर की गई और बच्चों के बीच कॉपी, पेन व पेंसिल का वितरण किया गया। इसके बाद कांग्रेसजनों ने समाजसेवा का संकल्प लेते हुए शिवपुरी मोहल्ले में दलित परिवारों के बीच मिष्ठान एवं फल वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि राजीव गांधी को देश में संचार क्रांति का जनकष कहा जाता है। उन्होंने दूरसंचार को गांव-गांव तक पहुंचाया और पंचायती राज व्यवस्था को कानूनी रूप से स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज हर हाथ में मोबाइल और हर घर में कंप्यूटर है। देशवासी घर बैठे देश-विदेश में बातचीत से लेकर पैसों का लेनदेन और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा पा रहे हैं, यह सब राजीव गांधी की दूरदर्शिता का परिणाम है। डॉ. पांडे ने आगे कहा कि राजीव गांधी ने कभी विकास की दिशा में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे भारत को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। कांग्रेसजनों ने उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर बक्सर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. प्रमोद ओझा ने भी राजीव गांधी के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसे साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बना सकते हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता डॉ. शशि भूषण पांडे, कामेश्वर पांडे, त्रिलोकी नाथ मिश्रा, विनय कुमार सिंह, भोला ओझा, भृगुनाथ तिवारी, संजय कुमार दुबे, पप्पू दुबे, अभय मिश्रा, निर्मला देवी, कुमकुम देवी, सुनील कुमार, अजय कुमार यादव, इं. राम प्रसाद द्विवेदी, बब्बन तुरहा, नागा ठाकुर, हरेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार और रोहित तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार पांडे ने किया।

रवि उज्जवल कुशवाहा ने बताया द बिहार में अपराधियों पर लगाम, कल्याणकारी योजनाओं से बदल रही तस्वीर

# नीतीश कुमार ने 20 साल में बिहार की तस्वीर व तकदीर बदलने का किया है काम : रवि उज्ज्वल



**केटी न्यूज/डुमरांव**

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) द्वारा संचालित ह्लसुशासन की सार आपके द्वारह्व अभियान के तहत बुधवार को डुमरांव प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। जदयू के पूर्व विधानसभा प्रभारी रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने कार्यकताओं के साथ विभिन्न मोहल्लों और पंचायतों का दौरा कर आम लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार की उपलब्धियां और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकताओं ने घर-घर जाकर जदयू का पोस्टर दरवाजों पर चिपकाया तथा लोगों को सरकार की प्राथमिकताओं से अवगत कराया। रवि उज्ज्वल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीते दो दशकों में बिहार की तस्वीर बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल अक्सर अपराध के बढ़ने की बात कहते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं दिखता कि अपराधियों को कितनी तेजी से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। एनडीए सरकार ने अपराध पर लगाम लगाने का काम किया है और कानून का राज स्थापित किया है।

## 2005 के बाद बदलता बिहार पर पुस्तिका का वितरण

इस अवसर पर जदयू की ओर से ह्ल2005 के बाद बदलता बिहार रू न्याय के साथ विकास के 20 साल बेमिसालह्व नामक पुस्तिका भी लोगों के बीच वितरित की गई। इस पुस्तिका में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, सड़क, बिजली और सामाजिक न्याय से जुड़ी योजनाओं का विस्तृत उल्लेख है। रवि उज्ज्वल ने कहा कि इस किताब के जरिए सरकार की उपलब्धियों को सरल भाषा में आम जनता तक पहुँचाया जा रहा है, ताकि हर नागरिक समझ सके कि बीते 20 वर्षों में बिहार ने किन-किन क्षेत्रों में प्रगति की है।

## सुशासन मॉडल से जनता का विश्वास कायम

जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए रवि उज्ज्वल ने बताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन का एक मॉडल खड़ा किया है। विकास की योजनाओं का लाभ गांव से लेकर शहर तक हर तबके के लोगों को मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के लिए आरक्षण व्यवस्था, साइकिल योजना, पोषाक आहार, कन्या उत्थान योजना, जल-जीवन-हरियाली मिशन, हर घर नल का जल जैसे अनेक काम किए हैं। इसी वजह से आज बिहार के लोग गर्व के साथ कह सकते हैं कि राज्य आगे बढ़ रहा है।

## नेताओं की उपस्थिति और कार्यकताओं का उत्साह

कार्यक्रम में जदयू डुमरांव प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष बीरेन्द्र कुशवाहा, नगर अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल केशरी, मिथिलेश कुशवाहा, विशोका चन्द, ललित रंजन कुशवाहा, सत्यनारायण ठाकुर, विमलेश गुप्ता समेत कई जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कार्यकताओं और आमजनों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया।जदयू नेताओं ने कहा कि जनता से संवाद ही लोकतंत्र की असली ताकत है और इसी कड़ी में पार्टी की ओर से घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां बताई जा रही हैं।

# चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर उठे सवाल राजद नेता पप्पू यादव ने की सीधी मांग

**केसठ ।** बिहार में मतदाता सूची संशोधन और चुनावी पारदर्शिता को लेकर सवाल लगातार उठ रहे हैं। इस बार सीधे भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता को कठघरे में खड़ा किया गया है। राजद के वरिष्ठ नेता सह डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने चुनाव आयोग से कई तीखे सवाल पूछे हैं और कहा है कि आयोग को इन पर स्पष्ट और शपथपूर्वक जवाब देना चाहिए। पप्पू यादव ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल बीएलओ की कार्यप्रणाली पर है। उन्होंने पूछा कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त हलफनामा देंगे कि बिहार के 7.89 करोड़ मतदाताओं के घर तक बीएलओ वास्तव में पहुँचे थे? क्या लाखों मतदाताओं के नामों के साथ फर्जी हस्ताक्षर नहीं किए गए? क्या बिना जानकारी के मतदाताओं के फॉर्म नहीं भरे गए।उन्होंने एस आई आर और वोटर लिस्ट शुद्धिकरण की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए। पप्पू यादव ने कहा कि क्या आयोग गारंटी देगा कि 7.24 करोड़ फॉर्म सही तरीके से भरे गए और इस प्रक्रिया में कोई त्रुटि नहीं हुई? साथ ही, बिहार में 65 लाख नाम विलोपन को लेकर भी उन्होंने सवाल किया कि कितने लोगों को गलत तरीके से मृतक, स्थानांतरित या अनुपस्थित मान लिया गया।फॉर्म जमा करने के बाद मतदाताओं को लिखित या डिजिटल स्लिप न मिलने पर भी पप्पू यादव ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता के खिलाफ है।

# नारायण वर्ल्ड स्कूल के अंशु का सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में चयन




**केटी न्यूज/सासाराम**

नारायण वर्ल्ड स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र अंशु कुमार का चयन सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है अब यह छात्र अगली बार होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेगा। मंगलवार 19 अगस्त की संध्या को प्राप्त इस समाचार ने विद्यालय परिवार को गर्व से भर? दिया जब कक्षा 10वीं के छात्र अंशु के चुने जाने की खबर आई। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के न्यू एंजल्स सीनीयर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित सीबीआई पूर्वी जोन क्लस्टर खेलों की अंडर - 17 की (70-75 किलो) वजन क्षमता वाले बॉक्सिंग प्रतियोगिता में नारायण वर्ल्ड स्कूल के इस उभरते सितारे ने 480 खिलाड़ियों के विरुद्ध अपने मुक्केबाजी के कौशल को? प्रदर्शित कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की है। इस प्रतियोगिता के लिए अंशु ने भारतीय खेल? प्राधिकरण के हिमाचल प्रदेश बॉक्सिंग यूनिट में लगभग एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि अंशु विद्यालय के शुरूआती दिनों से ही खेल? भावना से अत्यंत प्रभावित रहा है और बॉक्सिंग को ही वह अपना करियर बनाना चाहता है। अंशु 42 बिहार बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर सासाराम के अधीन कैडेट के तौर पर भी अपना प्रशिक्षण जारी रखे? हुए है। अंशु मानते हैं कि नारायण वर्ल्ड स्कूल और राष्ट्रीय कैडेट कोर ने उसे एक आदर्श खिलाड़ी बनने में पूरा सहयोग और सामर्थ्य प्रदान किया है। अंशु को 42 बिहार बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर सासाराम के कमांडिंग ऑफिसर, कर्नल धर्मेंद्र सिंह मलिक ने भी शुभकामनाएं दी और यह निर्देशित किया की अंशु को बटालियन की ओर से तीन हजार रुपए की खेल प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाए। अपनी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार को आभार व्यक्त करते हुए अंशु ने अपने माता - पिता और विद्यालय की निदेशक डॉ मोनिका सिंह से प्राप्त विशेष अनुराग को भी इंगित किया और यह स्पष्ट किया कि खिलाड़ी के लिए उसके समाज का सहयोग अति महत्वपूर्ण है।

# आरा में जिंदा जलाकर विवाहिता की हत्या, सनसनी

- मायके वालों ने ससुराल वालों पर बाइक व चेन की मांग को लेकर हत्या करने का लगाया आरोप
- घटनास्थल पर पहुंचे हत्या की जात जांच में जुटी पुलिस
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम
- टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले में बुधवार की सुबह घटी घटना



**केटी न्यूज/आरा**

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले में बुधवार की सुबह एक विवाहिता की जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार घटना बुधवार की सुबह करीब आठ बजे की बताई जा रही है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मृतका टाउन थाना क्षेत्र के रोज मोहल्ला वार्ड नंबर 28 निवासी शाहिद खान की 34 वर्षीया पत्नी नासीन खातून है। वही घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ वन राज कुमार साह टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर आसपास के लोगों एवं मृतक के ससुर से मिल घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। सूचना पाकर एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य को संकलन किया। इसके बाद पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम शव अस्पताल में करवाया। इधर, मृतका के जीजा साहिल खान ने बताया कि उनके मायके वाले पहले पटना जिला के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के नेऊरा गांव में रहते थे और कई वर्षों से वर्तमान में पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित खिदिरपुर काटा पोखर ड्राइवर क्वार्टर में रहते हैं।उन्होंने अपनी साली नासीन खातून की शादी वर्ष 2016 में मार्च महीने में टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ला वार्ड नंबर 28 निवासी वसी खान के पुत्र शाहिद खान से लेनदेन के साथ इस्लामिक रीति-रिवाज से की थी। शादी के एक साल तक सब कुछ ठीक था। शादी के एक साल बीत जाने के बाद उसके पति व ससुराल वालों द्वारा उसे मारापीटा जाने लगा और प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके पति और ससुराल वालों द्वारा मायके वालों से बाइक व सोने की चेन की मांग की जाने लगी। साथ ही वह जब भी बीमार पड़ती तो उसके इलाज को लेकर पैसा व दवाइयां भी उसके मायके से ही आया करता था। कई बार उसके ससुर द्वारा मारपीट कर उसे मायके भेज दिया गया था और हम लोगों के द्वारा समझौता कर उसे वापस ससुराल भेजा जाता था। वह जब भी मायके आती थी तो उसे मोबाइल दिया जाता था। लेकिन जब वह ससुराल आती तो उसके पति द्वारा सिम निकाल लिया जाता और मोबाइल छीन लिया जाता था। उससे बात करने नहीं दी जाती थी। इसकी जो चार बहने हैं इसकी परेशानी को देखते हुए वे लोग ही अपने घर से जरूरत की समान एवं पैसे भेजते थे। साहिल खान ने बताया कि इसके बड़े भाई महबूब खान का ससुराल बी मोहल्ले में है उन लोगों के द्वारा ही बुधवार की सुबह फोन कर सूचना दी गई के उसके ससुराल वालों द्वारा उसे जला दिया गया है सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह आंगन में जली हुई मिर्च अवस्था में पड़ी है वहीं दूसरी तरफ मृतक आकर के जीजा साहिल खान ने उसके पति शाहिद खान एवं उसके ससुराल वालों पर बाइक व सोने की चेन की मांग को लेकर उसे जिंदा जलाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि मृतका अपने चार बहन व तीन भाई में छोटी थी। उसके परिवार में मां अकीला खातून,तीन बहन नसीमा, यासमीन गुड्डी व तीन भाई फिरोज आलम,अंसार आलम एवं राजा आलम है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतका की मां अकीला खातून एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का मनाई गई 81वीं जयंती



**केटी न्यूज/सासाराम**

आज दिनांक 20 अगस्त 2025 देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी 81वीं जयंती पर रोहतास जिला कांग्रेस कमिटी इंदिरा गांधी आश्रम सासाराम याद किया गया । रोहतास जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमरेंद्र पांडेय ने कहा कि क्रांतिकारी और दूरदर्शी नीतियों से आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी जी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा । कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला कमेटी के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडेय ने किया । इस मौके पर राजेश्वर कुशवाहा, डॉक्टर कामेश्वर तिवारी , अली हुसैन,राम अवतार राय ,दीपक शुक्ला, रोहित पासवान ,जी . म. अंसारी ,धनंजय सिंह ,रवि यादव, मोहम्मद इरफान अहमद ,सत्येंद्र दुबे, जयप्रकाश पांडेय, दीपक कुशवाहा, द्वारकाधीश दुबे ,विनोद कुमार दुवे, सुदामा राम, मनोरंजन कुमार, ज्ञानचंद ओझा इत्यादि लोग शामिल हुए।

## लापता युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे बरामद

**पीरो।** हसनबाजार थानान्तर्गत कातर गांव के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ी से बुधवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है. मृतक की पहचान कातर गांव निवासी वार्ड सदस्य उमेश कुमार सिंह के पुत्र रितिक कुमार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि रितिक मंगलवार की सुबह घर से निकला था, उसके बाद वापस नहीं लौटा. परिजनों द्वारा मंगलवार से ही उसकी तलाश की जा रही थी. परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मंगलवार की शाम पुलिस टीम ने डॉग स्क्वायड की मदद से खोजबीन के दौरान उसका मोबाइल फोन रेलवे ट्रैक के किनारे से बरामद किया था. इस बीच बुधवार को किसी ने उक्त युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ी में पड़े होने की सूचना दी. पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया. मृतक के शरीर के अलग-अलग स्थानों पर जख्म के निशान मिले हैं. जिसके आधार पर उसकी हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है. वैसे दबी जुबान से प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या किये जाने की चर्चा हो रही है।

## पुलिस ने तीन लोगों को अलग-अलग मामले में किया

- एक वारंटी तो दो शराब सेवन के मामले में किए गये गिरफ्तार




**केटी न्यूज/रोहतास**

पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सधन छापेमारी अभियान चलाकर अलग-अलग जगहों से भिन्न भिन्न मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मामले में मंगलवार की रात पुलिस ने एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया की इश्तिहार वारंटी विनोद पासवान पिता बंगाली पासवान ग्राम लोधी थाना चेनारी जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया है उक्त पर माननीय न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था एवं उक्त के विरुद्ध इश्तिहार भी चस्पा दिया गया था। गुप्त सूचना मिलने के अधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त इश्तिहार वारंटी को धर दबोचा। वहीं दूसरे मामले में शराब सेवन कर हो हंगामा करने के आरोप में चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत डोइयां ग्राम निवासी स्वर्गीय बद्री साह राम के 50 वर्षीय पुत्र श्री भगवान साह एवं स्वर्गीय मोहन राम के 51 वर्षीय पुत्र विनोद राम को नशे के हालत में गिरफ्तार किया गया है उक्त तीनों के विरूद्ध कागजी कार्रवाई पूरा कर माननीय न्यायालय में पेशी हेतु भेज दिया है। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने शराब सेवन एवं शराब की बिक्री करने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा की थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब सेवन, शराब बिक्री, शराब परिवहन एवं शराब कारोबार में संलिप्त रहने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई व सघन तलाशी व छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

# इंस्पायर अवॉर्ड में रोड़ा बने 593 स्कूल प्राचार्यों से मांगा स्पष्टीकरण

### विभाग ने जारी की लिस्ट




**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले में इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत स्कूली बच्चों को लाभ दिलाने के मामले में बड़े स्तर पर सरकारी और निजी स्कूलों के प्राचार्य तथा संचालक लापरवाही कर रहे हैं। बार-बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी इस मामले में प्रगति नहीं होने से नाराज शिक्षा विभाग ने 593 स्कूलों के प्राचार्य और संचालकों के खिलाफ स्पष्टीकरण की कार्रवाई की है।शिक्षा विभाग के डीपीओ (एसएसए) चंदन प्रभाकर ने जिले में नवाचार आइडिया के लिए 10-10 हजार रुपये का पुरस्कार जितने को लेकर जिले के सभी वर्ग छह से 12 तक के स्कूल वाले प्राचार्य और संचालकों को निबंधन कराने का निर्देश दिया था।बार-बार चेतावनी दिए जाने के बाद भी 333 सरकारी स्कूलों के प्राचार्य और 260 निजी स्कूलों के संचालकों के द्वारा इस मामले में लापरवाही करते हुए अब तक निबंधन नहीं किया गया है। इन सभी के द्वारा यदि इस योजना का लाभ लेने के लिए निबंधन नहीं किया जाएगा तो इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। मालूम हो शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वर्ग छह से लेकर वर्ग 12 तक के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय नव प्रवर्तन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के द्वारा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 10-10 हजार रुपये का पुरस्कार नए ढंग से नवाचार आइडिया बताने के लिए मिलेगा। 593 स्कूलों के द्वारा अब तक निबंधन नहीं करने के कारण जिले के इन स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के इंस्पायर अवॉर्ड में भाग लेने तथा पुरस्कार जीतने पर संशय बन गया है।

### इन बड़े निजी और सरकारी स्कूलों के प्रबंधन से मांगा गया स्पष्टीकरण

भोजपुर जिले के आरा शहर में बड़े निजी स्कूलों में शामिल भगिनी निवेदिता कन्या विद्यालय, कैथोलिक हाई स्कूल, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, डीके कारमेल पब्लिक स्कूल मौलाबाग, डीएवी पब्लिक स्कूल धनुपरा, गुरुकुल ग्रोव पब्लिक स्कूल अनाइठ, हर प्रसाद दास जैन मध्य विद्यालय आरा, सोनभैली इंटरनेशनल स्कूल उदवंतनगर, साई इंटरनेशनल स्कूल महावीर टोला, संत कैरेंट स्कूल मीरगंज, संत जोसेफ हाई स्कूल एमपीबाग, मदर आइडियल स्कूल मीरगंज, मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल आरा, मदरसा वहीदीया हाई स्कूल तरी मोहल्ला, जेडी पब्लिक स्कूल आरा, आइडियल पब्लिक स्कूल आरा और भारती पब्लिक स्कूल आर के साथ-साथ सरकारी स्कूलों में शामिल यादव विद्यापीठ मौलाबाग, कन्या उमवी कसाप, उमावि असनी, बाल गोविंद संस्कृत मवी आरा, टाउन स्कूल जगदीशपुर, स्काईलार्क पब्लिक स्कूल अनाइठ, पुष्पा हाई स्कूल पीरो, राजेश्वरी आशा कन्या हाई स्कूल करजा, एमएम महिला महाविद्यालय आरा समेत कुल 593 स्कूल शामिल हैं।

## एक नजर

### राशनकार्ड धारियों और किसान सम्मान निधि योजना से नाम नहीं काटने का आग्रह

**काराकाट।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रो. बलिराम मिश्रा ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे पत्र में कहा है कि बड़े पैमाने पर किसान सम्मान निधि योजना एवं राशन कार्ड धारी के नाम काटने की प्रक्रिया को स्थागित करने की मांग की है। पत्र में कहा है कि भारत सरकार द्वारा बहुत ही बड़े पैमाने पर किसान सम्मान निधि एवं राशन कार्ड के लाभार्थियों का नाम संबंधित सूची से काटने का नोटिस निर्गत किया गया है। वर्तमान सूची चुनावी माहौल में इस कार्य से जनता में खासकर ग्रामीण इलाकों में भारी आक्रोश है। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर बलिराम मिश्रा ने कहा कि इस कार्य से सिर्फ और सिर्फ एनडीए के वोटरों की हानि हो रही है। जिसका सीधा राज्यों गठबंधन पर पढ़ने जा रहा है। अगर इसको अभिलंब रोक नहीं लगाया गया तो आगामी विधानसभा चुनाव में भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा एवं अन्य सभी लाभप्रद योजनाओं का प्रभाव भी बेअसर हो जाएगा। प्रोफेसर बलिराम मिश्रा ने कहा कि लंबे दोनों से चली आ रही योजना को चुनावी वर्ष में नाम काटा जा रहा है या कहीं से भी जायज नहीं है। इसका असर आम जनमानस पर पढ़ रहा है। लोग तेजी से रिमर उड़ा रहे हैं कि देखो एनडीए सरकार को अब गरीबों का भी हक काटा जा रहा है। इसलिए मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि राशन कार्ड धारी को एवं किसान सम्मान निधि योजना को यथा स्थिति रखा जाए ताकि क्षेत्रीय नेताओं को और कार्यकताओं को आम जनता के विरोध को रोका जा सके।

### चार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**काराकाट।** पुलिस ने काराकाट थाना क्षेत्र से बुधवार को तीन गांवों से चार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चार स्थाई वारंटी जयश्री गांव निवासी सुरेश उर्फ बादशाह प्रसाद पिता नरेश प्रसाद ,पड़सर गांव निवासी निराली सिंह पिता मानकी सिंह, सिकरियां गांव निवासी धनजी सिंह, पंकज सिंह दोनों पिता अवध बिहारी सिंह बताया जाता है । थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि गिरफ्तार स्थाई वारंटीयों को न्यायालय को सुपुर्द किया गया जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया गया।

### भाजयुमो ने जिला रोहतास इकाई का किया गठन

**बिक्रमगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रोहतास की जिला इकाई की घोषणा जिला अध्यक्ष रितेश राज ने किया। जिसमें संतोष कुशवाहा, राजेश कुमार, शशि भूषण सिंह, प्रांजल चौबे अभिषेक सिंह, उत्तम सिंह, विवेक कुमार उर्फ सनी गुप्ता, को जिला उपाध्यक्ष। इंद्रजीत सिंह, धनंजय चंद्रवंशी को जिला महामंत्री, अभय प्रजापति, अनुराग सिंह, प्रवीन रावत, रोशन सिंह, सोनू ठाकुर, राजा ठाकुर, अभय कुमार पांडे को जिला मंत्री, उज्जवल श्रीवास्तव, गौतम गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष अध्यक्ष, अंबुज तिवारी, शशांक शेखर, सौरभ कुमार, पप्पू गुप्ता, मुन्ना पासवान, रजनीश तिवारी, चुन्नू सिंह, सोनू कसेरा, अंकित कुमार, जितेंद्र केसरी को जिला प्रवक्ता, मायावती कुमारी को युवती प्रमुख, नीतिश गुप्ता, हरीभूषण कुमार, दिवाकर कुमार को सोशल मीडिया प्रभारी एवं सह प्रभारी, शाश्वत उपाध्याय मंटू पासवान विकास कुमार सिंह को मीडिया प्रभारी, मीडिया सह प्रभारी, विकास जायसवाल, रामलाल बिना को कमल क्लब का संयोजक एवं सह संयोजक, यंग प्रोफेशनल सेल के संयोजक राजगीर पांडेय, स्वच्छता एवं रचनात्मक सेल के अमरजीत कुशवाहा, कार्यालय मंत्री विवेक तिवारी, स्टडी सेल अंकित कुमार को दायित्व दिया गया। दायित्व मिलने पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने बधाई दी है। कहा कि हमें पूर्ण विश्वाश है कि नई गठित टीम के कार्यकर्ता रोहतास भाजपा को और सशक्त और मजबूत बनाने में अपने कर्तव्यों को निर्वाहन करेंगे।आगामी विधानसभा चुनाव में हम रोहतास जिला के 7 विधानसभा सीट जीतने का काम करेंगे। बधाई देने वालो में विधान पार्षद निवेदिता सिंह, प्रदेश महामंत्री शिवेश राम, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, अजय यादव, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, पूर्व विधायक ललन पासवान, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया, पूर्व विधायक सतनारायण यादव, जिला प्रभारी हिमांशु चतुवेर्दी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह, भोला सिंह, सुशील कुमार ने बधाई दी।

### नीलाम पत्र वारंटियों पर नटवार सहित दिनारा थाने की बड़ी कार्रवाई

**बिक्रमगंज ।** पुलिस ने नीलाम पत्र वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में लगातार कार्रवाई तेज कर दी है । नटवार थाने की पुलिस ने दो नीलाम पत्र वारंटियों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार अभियुक्तों में असियां गांव निवासी राम अवधेश सिंह शामिल हैं,जिनके विरुद्ध सासाराम नीलाम पदाधिकारी न्यायालय से वारंट निर्गत था । वहीं राजपुर निवासी रामचंद्र तिवारी को भी गिरफ्तार किया गया है,जिन पर बिक्रमगंज नीलाम पदाधिकारी के यहां से वारंट जारी हुआ था ।थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि दोनों को विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों के पास भेज दिया गया है । इसी क्रम में पुलिस ने सेमरा ओपी थाना क्षेत्र के करहंसी मिल्की निवासी जुगाड़ी राम को भी गिरफ्तार किया है । उनके विरुद्ध भी सासाराम कोर्ट से वारंट निर्गत था । उधर दिनारा पुलिस ने भी अभियान चलाकर तीन नीलाम पत्र वारंटियों को दबोच लिया । गिरफ्तार अभियुक्तों में सुंदरवन निवासी महेंद्र चौधरी,बरियारपुर निवासी सत्येंद्र सिंह और अकोढ़ा निवासी रामदयाल चौधरी शामिल हैं । इन तीनों के विरुद्ध बिक्रमगंज नीलाम पदाधिकारी न्यायालय से वारंट निर्गत था । दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है । पुलिस का कहना है कि नीलाम पत्र वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा ।

### दिनारा पुलिस कार्रवाई कर देसी शराब किया बरामद

**दिनारा ।** दिनारा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के शंभु डिहरी गांव में छापेमारी की । इस दौरान पुलिस ने रामेश्वर चौधरी के घर से करीब चार लीटर देसी शराब बरामद किया है । हालांकि पुलिस की भनक मिलते ही धंधेबाज मौके से फरार हो गया । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि फरार शराब कारोबारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है । उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है । उन्होंने कहा कि आरोपी को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

### पुलिस ने हत्या मामले की नामजद महिला वारंटी को दबोचा

**संझौली ।** संझौली थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लाल वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है । थानाध्यक्ष शिव कुमार मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के संझौली बाल निवासी भिमुर्ति कुंवर को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने धर दबोचा । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला के विरुद्ध सासाराम कोर्ट से वारंट निर्गत था । उक्त महिला हत्या मामले में नामजद अभियुक्त रही है और लंबे समय से फरार चल रही थी । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात अधेड़ की मौत

**आरा।** कोईलवर एवं कुल्हड़िया स्टेशन के बीच अप लाइन पर बुधवार की सुबह ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात अधेड़ की मौत हो गयी. घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा. स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना रेल पुलिस को दी गयी. सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया. इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गयी है. इधर, रेल पुलिस द्वारा बनाये गये मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात अधेड़ की मौत ट्रेन से गिरने के कारण होना प्रतीत होता है. हालांकि खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

## ग्रामीणों ने स्कूल को घेरा

# बिहार में मिड डे मील में गिरी छिपकली, भोजन खाने के बाद तीन बच्चे बेहोश



**एजेंसी। पटना**

बिहार के बेगूसराय जिले के बछवाड़ा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, जहांपुर में मध्यान्ह भोजन बनाने के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई। भोजन में छिपकली गिर गई और उसे खाने के बाद तीन बच्चे बेहोश हो गए। सभी को स्थानीय पीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल बच्चों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय का घेराव कर दिया और घंटों तक प्रधानाध्यापक को स्कूल परिसर में ही बंधक बनाए रखा। स्थिति बिगड़ने पर बछवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया।छात्रों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी मध्यान्ह भोजन में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। जब इस बारे में वरीय शिक्षक से शिकायत की गई तो उन्हें धमकी दी गई और विद्यालय से निकाल देने की बात कही गई। ग्रामीणों का भी कहना है कि हेडमास्टर से शिकायत करने पर शिक्षक उनकी बात सुनने के बजाय उल्टे उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। वहीं विद्यालय के हेडमास्टर अमित कुमार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। मध्यान्ह भोजन किसी संस्थान द्वारा बनाया जाता है और हम पूरी जांच के बाद ही बच्चों को खाना खिलवाते हैं। इस पूरे मामले पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि घटना की जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कटिहार में डकैती से पहले 6 अपराधी हथियारों के साथ गिरफ्तार

- एसटीएफ और पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी। कटिहार**

समय रहते हुई इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। वारदात से पहले ही अपराधियों की गिरफ्तारी ने न केवल इलाके में अमन-चैन बनाए रखा, बल्कि पुलिस की सख्ती और सक्रियता को भी दर्शाया है। कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के गोन्दवारा में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी एक बड़ी डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस ने मौके से तीन देसी कट्टा, सात जिंदा कारतूस और डकैती में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए हैं।डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने अपराधियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद जाहिद आलम, दीपक कुमार, छोटू, सूरज सिंह उर्फ भान सिंह, राहुल उर्फ रौशन कुमार, संतू पासवान और मिथलेश कुमार उर्फ मिथलेश सोनार के रूप में हुई है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।समय रहते हुई इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। वारदात से पहले ही अपराधियों की गिरफ्तारी ने न केवल इलाके में अमन-चैन बनाए रखा, बल्कि पुलिस की सख्ती और सक्रियता को भी दर्शाया है।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियां तेज

## पटना जिलाधिकारी ने 16 कोषांगों का किया गठन

**एजेंसी। पटना**

बिहार में इस साल के अक्टूबर-नवंबर महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में चुनाव आयोग के निर्देश पर पटना समेत राज्य के सभी जिलों निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी पटना डा. त्यागराजन एस.एम. ने विधानसभा चुनाव के लिए 16 कोषांगों का गठन किया है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पटना डा. त्यागराजन एस.एम. ने कहा है कि विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए 16 कोषांगों का गठन किया गया है। सभी कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों को नामित करते हुए उनके दायित्वों का निर्धारण किया गया है। सभी पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग के निदेशों के अनुसार सभी कोषांगों द्वारा अपने-अपने कार्यों को समय से सुचारूपूर्वक संपन्न किया जाएगा।



जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को अन्तकार्षांगीय समन्वय स्थापित कर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि निर्वाचन में संलग्न हर एक पदाधिकारी एवं कर्मी को प्रशिक्षित किया जाएगा। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिला स्वीप कोर कमिटि क्रियाशील है। पटना डीएम ने कहा कि पूरे पटना जिला के 14 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 5,665 मतदान केन्द्र है जो 2,982 मतदान केन्द्र अवस्थितियों (पोलिंग स्टेशन लोकेशन) में स्थित है। लगभग 10-11 बूथ पर एक सेक्टर अधिकारी प्रतिनियुक्त रहेंगे। 562 सेक्टर पदाधिकारियों के माध्यम से 5,665 मतदान केन्द्रों की मैपिंग कराई जाएगी। मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) यथा रैम्प, शौचालय, बिजली, साईनेज, पेयजल, हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था रहेगी। 18-19 साल के नये मतदाताओं, महिला मतदाताओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर उत्कृष्ट व्यवस्था रहेगी। ज़िलाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैम्प, साइनेज, शेड, फर्नीचर इत्यादि का भौतिक सत्यापन कर उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया है।

### कोषांगों एवं इनके वरीय नोडल पदाधिकारियों का विवरण है

1. कार्मिक कोषांग- अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, पटना
2. प्रशिक्षण कोषांग- अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, पटना
3. सामग्री कोषांग- अपर जिला दंडाधिकारी, विशेष कार्यक्रम, पटना
4. वाहन कोषांग- अपर समाहर्ता, पटना
5. कम्प्यूटराईजेशन/साइबर सेक्युरिटी/आईटी/एसएमएस/प्रतिवेदन वेबकास्टिंग कोषांग- अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, पटना
6. स्वीप एवं पीडब्ल्यूडी/वीटीआर उन्नयन कोषांग- उप विकास आयुक्त, पटना
7. विधि-व्यवस्था, वीएम एण्ड सेक्युरिटी प्लान/विधि व्यवस्था समन्वय कोषांग- अपर जिला दंडाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना
8. ईवीएम एवं वीवीपैट कोषांग- अपर जिला दंडाधिकारी, सामान्य, पटना
9. आदर्श आचार संहिता कोषांग- अपर जिला दंडाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना
10. निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग- अपर जिला दंडाधिकारी, नगर व्यवस्था, पटना
11. बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट पेपर/ईटीपीबीएमएस कोषांग-उप विकास आयुक्त, पटना
12. मीडिया, सोशल मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग-अपर जिला दंडाधिकारी, विशेष कार्यक्रम, पटना
13. जिला संचार योजना (कम्युनिकेशन प्लान)/ डीईएमपी कोषांग-अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पटना
14. निर्वाचक नामावली कोषांग (मतदाता सूची एवं मतदान केन्द्र/ एएमएफ कोषांग)-अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पटना
15. शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्पलाईन कोषांग (जिला सम्पर्क केन्द्र (डीसीसी)/हेल्पलाईन/ नियंत्रण कक्ष/ शिकायत एवं समाधान अनुश्रवण कोषांग)-अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पटना
16. प्रेक्षक एवं प्रोटोकोल कोषांग- अपर जिला दंडाधिकारी, सामान्य, पटना

# पीएम नरेंद्र मोदी के गया जी आगमन को लेकर रेल प्रशासन अलर्ट, डीआरएम ने तैयारियों का लिया जायजा

**एजेंसी। गयाजी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 अगस्त को प्रस्तावित गया जी दौरे को लेकर रेल प्रशासन अलर्ट मोड में है। सुरक्षा के मद्देनजर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इस दौरान पीएम गया जंक्शन से दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।बुधवार को डीडीयू मंडल के डीआरएम उदय सिंह मीणा गया जंक्शन पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर गया जंक्शन के रेल अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। डीआरएम ने उद्घाटन समारोह की तैयारियों के साथ-साथ स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से गया जंक्शन को विश्वस्तरीय स्वरूप देने का काम चल रहा है। डीआरएम उदय सिंह मीणा ने बताया कि भारत सरकार



और भारतीय रेल लगातार यात्रियों के लिए नई सौगातें दे रही है। उन्होंने कहा कि 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया से गया-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस और कोडरमा-वैशाली मेमू ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि गया जंक्शन के साथ-साथ अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी-ऑन-सोन, सासाराम, भभुआ और दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू) पर भी उद्घाटन समारोह आयोजित होगा।डीआरएम ने कहा कि नई दिल्ली के लिए शुरू की जा रही अमृत भारत एक्सप्रेस 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। यह नॉन-एसी ट्रेन होगी, लेकिन इसमें यात्रियों को एसी जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बिहार से बड़ी संख्या में नौकरीपेशा लोग और छात्र दिल्ली आते-जाते हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन की शुरूआत की जा रही है। इसके अलावा बुद्ध सर्किट के तहत बड़ी संख्या में गया आने वाले सैलानियों की सुविधा को भी ध्यान में रखा गया है।

## घर से भागे तीन बच्चे बेगूसराय स्टेशन से आरपीएफ ने की बरामद

बेगूसराय । बिहार के बेगूसराय रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने एक बार फिर अपनी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी अनहोनी को टाल दिया। बुधवार को स्टेशन परिसर में गश्ती के दौरान पद्धत्र ने तीन नाबालिग बच्चों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा और तत्परता दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित अपनी हिरासत में लिया। जानकारी के मुताबिक, पद्धत्र के सहायक उप-निरीक्षक को सूचना मिली थी कि तीन बच्चे बेगूसराय रेलवे स्टेशन परिसर में बिना किसी अभिभावक के इधर-उधर भटक रहे हैं। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम हरकत में आई और कुछ ही समय में बच्चों को ढूंढकर थाने ले आई। बच्चों की पहचान 16 वर्षीय विष्णु कुमार, 14 वर्षीय शुभम कुमार और 14 वर्षीय सुमित कुमार के रूप में हुई। तीनों बच्चे सहरसा जिले के सोनबरसा राज थाना क्षेत्र के मोहनपुर वार्ड संख्या 14 के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान सामने आया कि बच्चे बिना किसी को बताए घर से भाग निकले थे। भागने के कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है, लेकिन माना जा रहा है कि वे किसी बहकावे या पारिवारिक कारणों से ऐसा कदम उठाए हो सकते हैं।

## बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्करों का खेल जारी

# दानापुर में जीआरपी की बड़ी कार्रवाई,14 गिरफ्तार



**एजेंसी। दानापुर**

दानापुर रेल मंडल में बुधवार को जीआरपी ने शराबबंदी के बावजूद शराब तस्करी कर रहे 14 लोगों को गिरफ्तार किया। दानापुर स्टेशन पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए रेल एसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने बताया कि "ऑपरेशन रेड" और "ऑपरेशन क्लीन" के तहत रेल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।कार्रवाई के दौरान ब्रम्हपुत्र मेल से दानापुर पहुंचे चार तस्करों से 29.8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। आरा स्टेशन पर चार आरोपियों के पास से 63.6 लीटर शराब मिली। बक्सर में कुम्भ एक्सप्रेस से उतरे एक तस्कर से 3.75 लीटर शराब जब्त हुई। इसके अलावा बख्तियारपुर और मोकामा से एक-एक तस्कर तथा पटना जंक्शन से दो तस्करों को पकड़ा गया। इस तरह कुल 14 तस्करों के पास से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई।इसी दौरान दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्याझ1 से जीआरपी ने दो मोबाइल चोरों को भी गिरफ्तार किया।

### दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-1 से 2 मोबाइल चोरों को भी दबोच लिया

उधर, दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-1 से जीआरपी ने दो मोबाइल चोरों को भी दबोच लिया। रेल पुलिस का कहना है कि यूपी से ट्रेन के जरिए शराब की खेप लगातार बिहार लाई जा रही थी, जिस पर अब नकेल कसी जा रही है। बावजूद इसके शराबबंदी के सख्त कानून के बीच शराब माफियाओं का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा। सवाल यह है कि सैकड़ों लीटर शराब की खेप ट्रेन से बिहार तक कैसे पहुंच जाती है और कब तक बंद दरवाजों के पीछे यह काला कारोबार फलता-फूलता रहेगा।

## बिहार में अब पुलिस के साथ सेल्फी लेना बैन, डीजीपी ने दिए सख्त निर्देश

**पटना।** बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने प्रदेश भर के पुलिस अधिकारियों को एक नया निर्देश जारी करते हुए आम नागरिकों और मीडियाकर्मियों द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ सेल्फी लेने पर रोक लगा दी है। यह फैसला पुलिस अधिकारियों के साथ खिंचवाई गई सेल्फियों के गलत इस्तेमाल की बढ़ती शिकायतों के चलते लिया गया है। डीजीपी के निर्देशानुसार अब किसी भी परिस्थिति में पुलिस अधिकारी सेल्फी की अनुमति नहीं देंगे, चाहे वह शिष्टाचार मुलाकात ही क्यों न हो। यदि कोई पुलिसकर्मी इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मुख्यालय को ऐसी शिकायतें मिली थीं कि कुछ लोग वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ ली गई सेल्फी का दुरुपयोग कर रहे हैं।




## प्रति परिवार 7000 रुपये की दर से कुल 456 करोड़ 12 लाख रुपये की राशि सीधे बैंक खातों में भेजी गई

# सीएम नीतीश ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को दी डीबीटी से राहत राशि



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 1 अणे मार्ग स्थित ह्यसंकल्पह्न से बाढ़ प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से राहत राशि का भुगतान शुरू किया। इसके तहत 12 जिलों के 6 लाख 51 हजार 602 परिवारों को प्रति परिवार 7000 रुपये की दर से कुल 456 करोड़ 12 लाख रुपये की राशि सीधे बैंक खातों में भेजी गई। विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जानकारी दी कि अगस्त माह में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर और कटिहार जिलों में बाढ़ की स्थिति बनी। इसके अलावा नालंदा जिले के कुछ प्रखंडों में भी बाढ़ आई। कुल 12 जिलों के 66 प्रखंडों की लगभग 38 लाख आबादी प्रभावित हुई है।अब तक बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 2.19 लाख पॉलिथीन शीट और 57 हजार 639 ड्राई राशन पैकेट बांटे गए हैं। 14 बाढ़ राहत शिविर चल रहे हैं, जिनमें करीब 15 हजार लोग ठहरे हैं। सामुदायिक रसोई केंद्रों में अब तक 85 लाख से अधिक लोग भोजन कर चुके हैं। शिविरों में मानव और पशु चिकित्सा की भी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 अगस्त को बाढ़ प्रभावित जिलों की समीक्षा बैठक की गई थी और 14 अगस्त को हवाई सर्वेक्षण किया गया था। अधिकारियों को राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज तय समय सीमा के भीतर प्रभावित परिवारों को आनुग्रहिक राहत राशि का भुगतान शुरू हो गया है।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा कि सितंबर माह में भी नदियों का जलस्तर बढ़ सकता है। इसलिए पूरी तत्परता से स्थिति पर नजर रखें और पीड़ित लोगों की संवेदनशीलता के साथ मदद करें।

## सुभाषितम्

स्वतः कुछ नहीं होता सब कुछ करना पड़ता है।

-जे. एफ. कैनेडी

# और लो राजा, अब रोबोट करेंगे बच्चा पैदा होंगे डिजाइनर बच्चे

विज्ञान ने इंसान को जिस दिशा में धकेल दिया है उससे लगता है कि उसने भगवान की शक्तियां प्राप्त कर ली हैं। सनातन धर्म की मान्यता है, कर्म के आधार पर जन्म होता है। अब मशीनों के जरिए भगवान की शक्तियों और कर्म फल के सिद्धांत को सीधे-सीधे चुनौतियां देता नजर आ रहा है। चीन का यह दावा चमत्कार जैसा लग रहा है। रोबोट यदि बच्चे पैदा करेंगे तो यह मानवीय विकास के लिए चिंता भी पैदा करता है। खबर है, कि चीन ऐसा रोबोट बना रहा है जो बच्चे को गर्भ में पालकर 10 महीने में मानव शिशु को जन्म दे सकेगा। मां के गर्भ की जगह अब कृत्रिम गर्भ और मशीनें ले लेंगी। रोबोट के जरिए जो बच्चे पैदा होंगे उन्हें डिजाइनर बच्चों की तरह पैदा किया जा सकेगा। तकनीक के लिहाज से यह उपलब्धि बांझपन जैसी गंभीर समस्या का समाधान हो सकती है। लाखों महिलाएं जो प्राकृतिक गर्भधारण में सक्षम नहीं हैं उनके लिए यह आशा की किरण है। सवाल सिर्फ तकनीकी का नहीं, मानवीय संवेदनाओं का भी है। एक मां जब गर्भ धारण करती है, वह एक प्राकृतिक घटना होती है। अंडाणु और शुक्राणु का नौ महीने का सफर केवल शारीरिक विकास का नहीं होता है, बल्कि भावनात्मक और मानसिक संवेदनाओं के साथ शिशु पनपता है। गर्भ में पलता शिशु मां की धड़कनें सुनता है। उसके विचारों और भावों को महसूस करता है। गर्भ के दौरान वह ज्ञान भी अर्जित करता है। जीवन जीने की पहली शिक्षा गर्भ से शुरू होती है। महाभारत काल में अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु को गर्भ से ही चक्रव्यूह का ज्ञान प्राप्त हुआ था। आधे-अधूरे ज्ञान के कारण अभिमन्यु चक्रव्यूह तोड़ने में तो सफल हो गया लेकिन चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पाया। गर्भधारण और जन्म की यह प्रक्रिया केवल जैविक नहीं, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास से भी जुड़ी होती है। ऐसे में सवाल उठता है, क्या मशीनें इस संवेदनात्मक, कुल परंपरा और जैविक रिश्ते, सांस्कृतिक धरोहर की जगह ले पाएगा? बांझपन का उपचार जरूरी है। मां के पेट से बच्चा वह सब कुछ सीखता है, जिस मां के पेट से बच्चे का जन्म होता है। उस परिवार के संस्कार भी उस बच्चे में आते हैं। रोबोट तकनीक कितने परिवारों को संतान सुख दे पाएगी, यह कहना मुश्किल है। इस तकनीकी का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो सकता है। जब रोबोट ठीक कृत्रिम तरीके से बच्चे पैदा करने लगेंगे। लाखों और करोड़ों लोगों को रोबोट के माध्यम से तैयार किया जाने लगेगा। तकनीकी जब ईजाद होती है, तो उसका मकसद बहुत अच्छा होता है। लेकिन अच्छे मकसद के लिए तकनीकी का इस्तेमाल बहुत कम होता है। तकनीकी का दुरुपयोग सबसे ज्यादा होता है। यह अभी तक के निष्कर्ष से जाना जा सकता है। रोबोट के माध्यम से जो बच्चे जन्म लेंगे वह बच्चे के व्यक्तित्व, मां के स्नेह, माता-पिता के गुण, चिंता और प्यार का हिस्सा नहीं बनना चाहिए? गर्भावस्था से लेकर जन्म होने तक का पूरा सफर केवल मशीन और प्रयोगशाला की दीवारों के बीच तय होगा। तो ऐसे बच्चे केवल जैविक ढांचे बनकर रह जाएंगे। इनमें संवेदनाएं नहीं होंगी। इनका वजूद भी मशीनों की तरह होगा। विज्ञान के जरिए जीवन को बेहतर बनाने का समाधान मिल सकता है, लेकिन उसमें संपूर्णता का बोध नहीं हो सकता है। विज्ञान के जरिए सामाजिक और भावनात्मक विचारों का जन्म नहीं हो सकता है। रोबोट तकनीक गर्भधारण करने और बच्चा पैदा करने की मशीन बनेगी। मातृत्व की पवित्रता मानव समाज के गुण, धर्म, संवेदनाएं तथा आक्रामकता का स्थान नहीं ले सकता है। इस तरह के प्रयास मानवता के संबंधों और विकासक्रम में प्रश्नचिन्ह लगाने वाला कदम होगा। आने वाले समय में इंसान का जन्म यदि प्रयोगशालाओं में तय होगा, तो परिवार, रिश्तों और भावनाओं की परिभाषा ही बदल जाएगी। हम इंसानों के रूप में मशीनी इंसान पैदा करेंगे। विज्ञान के चमत्कार पर केवल ताली बजाने से काम नहीं चलेगा।

## चिंतन-मनन

# नर या नारायण कौन थे राम

श्रीराम पूर्णतः ईश्वर है। भगवान हैं। साथ ही पूर्ण मानव भी हैं। उनके लीला चरित्र में जहां एक ओर ईश्वरत्व का वैचित्र्यमय लीला विन्यास है, वहीं दूसरी ओर मानवता का प्रकाश भी है। विश्वव्यापिनी विशाल यशकीर्ति के साथ सम्यक निरभिमानिता है। वज्रवत न्याय कठोरता के साथ पुष्पवत प्रेमकोमलता है। अनंत कर्ममय जीवन के साथ संपूर्ण वैराग्य और उपरति है। समस्त नियमताओं के साथ नित्य सहज समता है। अनंत वीरता के साथ मनमोहक नित्य सौंदर्य है। इस प्रकार असंख्य परस्पर विरोधी गुणों और भावों का समन्वय है। भगवान श्री राम की लीला चरित्रों का श्रद्धा भक्ति के साथ चिंतन, अध्ययन व विचार करने पर साधारण नर नारी भी सर्वगुण समन्वित एवं सर्वगुण रहित अखिल विश्व व्यापी, सर्वातीत, सर्वमय श्रीराम को अपने निकटस्थ अनुभव कर सकते हैं। श्री राम में नर और नारायण तथा मानव और ईश्वर की दूरी मिटाकर भगवान के नित्य परिपूर्ण स्वरूप का परिचय मिलता है। भगवान पुरुषोत्तम ने श्री राम के रूप में प्रकट होकर मानवीय रूप में सांसारिक लोगों के दिलो दिमाग पर नित्य प्रभुत्व की प्रतिष्ठा कर समस्त भारतीय संस्कृति को आध्यात्म भाव से ओतप्रोत कर दिया है। रामचरितमानस महाकवि तुलसीदास की अमर कृति है। यह एक ऐसा सर्वोपयोगी आदर्श प्रदर्शित करने वाला पवित्र धर्मग्रंथ है। जिसने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को समस्त नर नारियों के हृदय में परम देवत्व रूप के साथ अत्यंत आत्मीय रूप में प्रतिष्ठित किया है। इसने शिक्षित अशिक्षित? आबाल वृद्ध शास्त्र पुरुष सभी प्रकार के जीवन को श्रीराम के प्रति भक्ति तथा प्रेम के दिव्य, मधुर सुधारस से अभिषिक्त कर अपना अद्भुत प्रभाव विस्तार किया है। श्रीरामचरितमानस के श्रीराम सर्वसद्गुण संपन्न मर्यादारक्षक परम आदर्श शिरोमणि होने के साथ ही स्वमहिमा में स्थित महामानव है। श्रीरामचरित मानस के श्रवण, मनन तथा चिंतन से अत्यंत विष्यासक्त, असदाचारी कठोर हृदय मानव भी पवित्र विचार परायण एवं सदाचारी होकर निर्मल प्रेम भक्ति की रसधारा में सराबोर होकर मुक्ति प्राप्त कर सकता है।

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

- ललित गर्ग




अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं। भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने। वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-‘समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना’। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे-बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है।


समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड-पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा-दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो। समाज और धार्मिक संस्थाओं को संयुक्त संगोष्ठियां करनी चाहिए, जहां नई और पुरानी पीढ़ी एक-दूसरे को समझ सकें। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और परिवारों को भी बुजुर्गों की क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। छोटे-छोटे आयोजन जैसे परिवार के भोज, स्मृति पुस्तकों का निर्माण, या बच्चों और बड़ों के बीच कौशल साझा करने की गतिविधियां पीढ़ियों के बीच पुल का काम कर सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाएगी। 2050 तक दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की होगी। वृद्धजन समाज और परिवार को ज्ञान, परंपरा और स्वयंसेवा से समृद्ध करेंगे, लेकिन साथ ही उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं, अकेलेपन और सामाजिक उपेक्षा जैसी चुनौतियों का भी सामना करना होगा। इसलिए जरूरी है कि हम आज से ही एक ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें उम्र सम्मान और गरिमा की पहचान बने, न कि उपेक्षा की।

प्रश्न है कि दुनिया में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुंचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे ग्रह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है। फिर वृद्धजन क्यों स्वयं को इतना खाली, एकांकी एवं उदासीन बनाये हुए हैं? वृद्धावस्था में खालीपन एक बड़ी समस्या है।

# बापू के व्रत पर आजीवन अडिग रहे शुभकरण बाबू

- कुमार कृष्णन





बीते सदी के दूसरे दशक की शुरुआत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वतंत्रता आंदोलन के केंद्र में आ गये थे और इससे उन्होंने आम लोगों से जोड़ा। यह वह दौर था, जब 21 मार्च 1919 को रोलेट एक्ट लागू किया गया, इसमें न अपील न दलील और न वकील की व्यवस्था थी। महात्मा गांधी ने 6 अप्रैल 1919 को देशभर में दमनकारी कानून की मुखालफत करते हुए हड़ताल का आह्वान किया और कहा कि-ब्रह्म जबतक यह कानून वापस न ले लिया जाए, सभ्यतापूर्वक मानने से इंकार दें। इसी दौर में जालियांवाला कांड हुआ, जिसने अनेक लोगों को झकझोरकर रख दिया। रविन्द्रनाथ टैगोर ने सर की उपाधि ठुकरा दी। पूर्ण स्वराज का नारा बुलंद हुआ। इस आंदोलन को गति प्रदान करने के लिये बापू का भागलपुर आगमन हुआ। ऐतिहासिक टिल्हा कोठी, जहां अब रविन्द्र भवन है, वहां से आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्ण स्वराज के लक्ष्य को हासिल करने के लिये आर्थिक स्वावलंबन, नैतिक सद्व्यवहार और कुप्रथाओं के उन्मूलन का आह्वान किया। गांधी जी के इस आह्वान ने शुभकरण चुड़ीवाला के जीवन दिशा ही बदल डाली। विदेशी कपड़े की होली जलायी तथा जंगे- आजादी में शरीक हो गये। इस सभा में देश सेवा का जो व्रत उन्होंने लिया यह सिर्फ मुल्क की आजादी तक ही नहीं, बल्कि देश आजाद होने के बाद उसका निरंतर निर्वहन करते रहे। संघर्ष, रचना, अनुशासन और सेवा यह उनके जीवन का लक्ष्य था। एकादश व्रत को पूरी तरह जीवन में उतार लिया था। 22 नवंबर 1898 को जन्मे शुभकरण चुड़ीवाला ने सौ साल से अधिक की जिन्दगी जी। यह जिन्दगी अपने परिवार के लिये कम और देश तथा समाज के लिये ज्यादा। उनके गुजरे 17 वर्ष हो गये। पर उन्होंने बिहार में जो मशाल जलायी, उससे चप्पा-चप्पा वाकिफ है। आज जब नैतिक मूल्यों का ह्रास निरंतर हो रहा है, सेवा भाव खत्म हो स्वार्थलोलुपता हावी है, वैसे दौर में शुभकरण बाबू की प्रासंगिकता और ज्यादा बढ़ गयी है। भागलपुर शहर के एक व्यावसायिक घराने में जन्मे शुभकरण बाबू का व्यवसाय उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में भी था। शुभकरण चुड़ीवाला के सिर से पिता का साया तीन वर्ष की उम्र में उठ गया गोरखपुर में नाना और मामा के यहां इनकी परवरिश हुई। मिडल महाजनी की तालीम हासिल करने के बाद किशोरावस्था से ही इनका लगाव सामाजिक कार्यों से हो गया था। आजादी की लड़ाई उत्तर प्रदेश में जहां दैनिक आज के संस्थापक संपादक बाबू शिवप्रसाद गुप्त, मदन मोहन मालवीय, पुरुषोत्तम दास टंडन, संपूणार्नंद, कमलापति त्रिपाठी, चंद्रभान गुप्त, आचार्य नरेन्द्र देव, हनुमान प्रसाद पोद्दार के सानिध्य में रहकर काम किये, वहीं भागलपुर में राय बहादुर वंशीधर डांढानियां, दीपनारायण सिंह, पटलबाबू, चारू मजूमदार, प्रभुदयाल हिम्मतसिंहका, सियाराम सिंह, हरनारायण जैन, पंडित मेवालाल झा, रामेश्वर नारायण अग्रवाल, कैलाश बिहारी लाल, और रासबिहारी लाल आदि के साथ मिलकर काम किया। दीपनारायण सिंह और पटल बाबू की मौत के बाद स्वतंत्रता संग्राम के राष्ट्रीय नेताओं का केन्द्र स्थल उनका मारवाड़ी टोला स्थित आवास और मिरजानहाट स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान बन गया। आजादी की लड़ाई के दौरान महात्मा गांधी सौकत अली और मोहम्मद अली के साथ भागलपुर स्थित टिल्हा कोठी आए और आम सभा को संबोधित किया तो उनके आह्वान पर उपस्थित जनसमूह के समक्ष अपने बदन पर पहने विदेशी कपड़े जलायी। वे उस सभा में चारूचंद मजूमदार के नेतृत्व में स्वयं स्वंय सेवक के रूप में तैनात थे। इसी सभा से आजीवन स्वदेशी का व्रत धारण किया। आजादी की लड़ाई के साथ-साथ अपने को भंगी मुक्ति आंदोलन, खादी के प्रचार, चरखा आंदोलन के साथ जोड़ दिया। इन्हीं दिनो उनकी अगुआयी में 1923 में समाज की विभिन्न समस्याओं पर विचार कर सामाजिक स्तर से समाधान करने के मकसद से मारवाड़ी सुधार समिति का गठन किया। इस संस्था की 1938 में इन्हीं की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में युवाओं को आत्मरक्षार्थ स्वावलंबी बनाने की गरज से मारवाड़ी व्यायामशाला की बुनियाद डाली। युवाओं को रचनात्मक कार्यों के लिये प्रेरित किया। उनका मानना था कि केवल संघर्ष से परिवर्तन संभव नहीं है। इसके लिए रचना जरूरी है।

जब 1934 में बिहार में भयंकर भूकंप आया और मुंगेर सहित बिहार के कई जिले प्रभावित हुए। मुंगेर के संदर्भ में उन दिनों द्य द स्टेटसमेनद्ध में लीड खबर छपी कि-द्य मुंगेर सीटी इज नो मोर। डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने इन्हें बिहार रिलीफ कमेटी का सदस्य श्री चूड़ीवाला को बनाया। एक स्वयंसेवक की तरह तीन माह तक मलबे से शवों को निकालने और दाह संस्कार करवाने का काम किया। भूकंप से हुई तबाही और चलाये जा रहे राहत कार्यों का निरीक्षण करने महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू और डॉ राजेन्द्र प्रसाद पहुंचे तो इनके सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की।

आजादी की लड़ाई के दौरान संघर्ष में तो सक्रिय रहे ही, साथ ही स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को आर्थिक मदद भी करते थे। 1937 में भागलपुर में अंग्रेजी हुकूमत का दमन चक्र चल रहा था तो डॉ राजेन्द्र प्रसाद, अब्दुल बारी, बलदेव सहाय सरीखे लोगों के नेतृत्व में सत्याग्रह आंदोलन आरंभ किया गया। पुलिस द्वारा आंदोलनकारियों पर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसायी गयी। इस हमले में राजेन्द्र बाबू सहित अनेक लोग घायल हुए। विहपुर का स्वराज आश्रम इस घटना का साक्षी है। डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने अपने आत्मकथा में इस घटना का जिक्र किया है।

# राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से कई हित सधेंगे

-ललित गर्ग

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। भाजपा ने बहुत सोच-समझकर उन्हें इस प्रतिष्ठित पद का उम्मीदवार बनाया है। वे तमिल हैं, पिछड़े भी हैं, संघ से जुड़े हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने करीबी एवं साफ-सुथरी छवि वाले राजनायक हैं। भाजपा ने जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, तो यह केवल राजनीतिक गणित का परिणाम नहीं था, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का निर्णय था, जो सादगी, ईमानदारी और सेवा की पहचान रखते हैं। उनका चयन भारतीय लोकतंत्र की व्यापकता और समावेशिता का जीवंत प्रतीक है। अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और वहां भाजपा के शीर्ष चेहरों में गिने जाते हैं। उनका उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनना भाजपा की यह घोषणा है कि वह दक्षिण भारत को अब हाशिए पर नहीं, बल्कि सत्ता की मुख्यधारा में लाना चाहती है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट से 1998 और 1999 के आम चुनावों में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए सीपी राधाकृष्णन ने स्कूली जीवन से ही आरएसएस का दामन थाम लिया था। हालांकि एक दौर में वे तमिल राजनीति में अन्नाद्रमुक के करीब माने जाते थे। उनके तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं से मधुर संबंध हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में डीएमके भी उनकी उम्मीदवारी का विरोध करना कठिन हो सकता है। उपराष्ट्रपति पद पर उनका चयन ओबीसी समाज को सम्मान और सशक्तिकरण का नया संदेश देगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार इस वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया है। राधाकृष्णन ओबीसी समाज से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ‘सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास’ की नीति को बल दिया है। राधाकृष्णन का चयन इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे भाजपा को देशभर में ओबीसी समाज का और अधिक समर्थन मिल सकता है। इससे भाजपा की सामाजिक आधारशिला और मजबूत होगी। भाजपा अपने निर्णयों से हमेशा करिश्मा घटित करती रही है, अपने चतुराई का परिचय देती रही है, सी.पी. राधाकृष्णन का चयन भाजपा की इसी रणनीतिक चतुराई का ही बड़ा उदाहरण है। इससे पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं, दक्षिण भारत में पैठ बनाना, ओबीसी समाज को साधना, विपक्ष को असहज करना और साफ-सुथरी राजनीति का संदेश देना। यह तय है कि उपराष्ट्रपति के रूप में वे न केवल भाजपा बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए सफल नायक सिद्ध होंगे। यह एक संयोग ही कहा जायेगा कि देश के शीर्ष दो पदों पर विराजमान हस्तियों का नाता झारखंड से रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर चुने जाने से पहले झारखंड की राज्यपाल रहीं और देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे सीपी राधाकृष्णन भी इस राज्य के राज्यपाल रहे हैं। इन दिनों वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** – आज दिन बेहद उत्तम और संतोषजनक रहने वाला है। आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

**तुला** – आज आपको कार्यस्थल पर अपनी इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य करना पड़ सकता है।

**वृषभ** – आज व्यापार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। लाभ कमाने के सुनहरे अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – लंबे समय से आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो अब वह वापस मिल सकता है।

**मिथुन** – दिन बेहद शुभ रहने वाला है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**धनु** – कार्यस्थल पर महत्वपूर्ण काम को पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कर्क** – कारोबार के मामले दिन अच्छा रहेगा। कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आज समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** – आज कुछ मित्रों के सहयोग से व्यवसाय के मामले में नए स्रोत बनते नजर आएंगे।

**कुंभ** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। ऐसे में दिन भागदौड़ भरा रहने की संभावना है।

**कन्या** – कार्यक्षेत्र में अपने काम को समय पर पूरा करने के लिए आपको अधिक मेहनत करनी होगी।

**मीन** – दिन मिश्रित फल प्रदान करने वाला रहेगा। आपको कुछ धन खर्च करना पड़ सकता है।

## विशेष

### तमिलनाडु में ईडी हो गई सक्रिय, मंत्री के यहां छापा

केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने तमिलनाडु के एक मंत्री के यहां छापा डालकर आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापेमारी शुरू कर दी है। इस पर मुख्यमंत्री स्टालिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है वोट चोरी के आरोपों से नाराज केंद्र सरकार के इशारे पर ध्यान भटकाने के लिए कार्रवाई करने का आरोप लगाकर छापे डाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ना पार्टी मोदी से डरती है, और ना ईडी से डरती है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के पहले स्टालिन की सरकार केंद्र सरकार के निशाने पर है। तमिलनाडु का व्यक्ति उपराष्ट्रपति बन रहा है। इससे समझा जा सकता है, तमिलनाडु को लेकर केंद्र सरकार की प्राथमिकता क्या है।

### मोदी जी ने बनाया नया रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित करने का नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सभी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक सभी उनसे बहुत पीछे रह गए है ऐसा लगता है, इस रिकार्ड को तोड़ना आगे संभव नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बारे में कार्यकाल में लाल किले की प्राचीर से भाषण देते हुए 1030 मिनट बोलने का रिकॉर्ड बना लिया है। सभी पूर्व प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड 500 मिनट से कम का है। रिकॉर्ड बनाने में मोदी जी का कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। यह उन्होंने साबित कर दिया है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1790: जनरल मीडोज के नेतृत्व में ब्रिटिश फौजों ने डिंडीगुल पर कब्जा किया. 1808: आर्थर वेलेस्ली के नेतृत्व में ब्रिटिश फौजों ने फ्रांसीसियों को शिकस्त दी. 1810: नेपोलियन के एक कमांडर मार्शल बर्नाडोते को स्वीडन का युवराज चुना गया. 1959: हवाई अमरीका का पचासवां राज्य बना. 1959: बगदाद समझौते का नाम केंद्रीय संधि संगठन (सेंटो) रखा गया क्योंकि इराक उससे अलग हो गया. 1960: केन्या के राष्ट्रवादी नेता जोमो केन्याटा को नौ साल तक जेल में रखने के बाद ब्रिटेन ने उन्हें रिहा किया. 1961: अमरीका और अल सल्वाडोर के बीच खाद्यान्न के बारे में एक समझौता हुआ था. 1965: दो अंतरिक्ष यात्रियों गोर्डन कूपर और चार्ल्स कानराड को जेमिनी 5 अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष भेजा. 1972: वन्य जीव संरक्षण अधिनियम पारित हुआ.

## दैनिक पंचांग

अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



2025 वर्ष का 233 वा दिन
दिशाशूल दक्षिण ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) पक्ष कृष्ण
तिथि त्रयोदशी 12.45 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुष्य 00.09 बजे को रात्र समाप्त।
योग व्यतीपात 16.14 बजे को समाप्त।
करण वणिज 12.45 बजे तदन्तर विष्टि 00.18 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 24.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 12° 06'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872443
जुलियन दिन 2460908.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना सफर तारीख 26
विशेष मासिक शिवरात्रि।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | सिंह | 05.20 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कन्या | 07.36 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 09.47 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.02 ब. से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.18 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.23 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.09 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 19.42 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.13 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | वृष | 22.53 बजे से |
| | | मिथुन | 00.51 बजे से |
| | | कर्क | 03.04 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार की देखें। ©Jagrutidaur.com, Bangalore

## धनबाद-गिरिडीह मार्ग पर बस और पिकअप में टक्कर :पांच यात्री एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती

**धनबाद, एजेंसी।** पुरुलिया से गिरिडीह जा रही बस धनबाद में सड़क हादसे का शिकार हो गई। बस और पिकअप में टक्कर की वजह से यह हादसा हुआ। पिकअप में अधिक लोड होने के कारण यह टक्कर हुई। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को सुरक्षित निकालकर धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा। अब तक पांच लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें महिला यात्री भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में काफी संख्या में लोग सवार थे, लेकिन कई लोग बाल-बाल बच गए। एसएनएमएमसीएच के डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देना शुरू कर दिया है। सभी घायलों की स्थिति गंभीर है और उनका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोग और यात्री हादसे के बाद घटना स्थल पर जुट गए और घायलों की मदद में शामिल हुए।

## स्टील गेट में दो गुटों में मारपीट, पथराव में कार का शीशा टूटा

**धनबाद, एजेंसी।** स्टील गेट मोड़ पर मंगलवार को दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान पथराव भी हुआ। इसमें एक कार क्षतिग्रस्त हो गयी। जानकारी के अनुसार, एक गुट कोलाकुसमा और दूसरा कुसुम विहार का था। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों गुटों में पहले एसएनएमएमसीएच के पास लड़ाई हुई थी। इसके बाद कुसुम विहार का गुट अपनी कार लेकर स्टील गेट मोड़ पर खड़ा था। तभी कोलाकसमा के गुट के युवक बाइक से वहां पहुंचे और कार पर पथराव कर शीशा तोड़ दिया। चश्मदीदों का कहना है कि पूरा विवाद लड़की के चक्कर में हुआ। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही कार में बैठे युवक वहां से फरार हो गये। कुछ देर बाद कोयला नगर का टीवी सेंटर निवासी कार मालिक मौके पर पहुंचा। उसने बताया कि उसने कार अपने दोस्तों को दी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद उसने युवकों को कई बार फोन किया, लेकिन वे नहीं लौटे। इसके बाद पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों गुटों के बीच पहले से तनातनी चल रही थी, जो मंगलवार को मारपीट और पथराव तक पहुंच गयी।


## कोडरमा में गैस कंपनी के गोदाम में चोरी :छत का दरवाजा तोड़ चोर 8 लाख के उपकरण ले गए

**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा जिले में एक बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो में गैस पाइपलाइन का काम कर रही ओवल प्रोजेक्ट कंपनी के गोदाम से लाखों रुपए के उपकरण चोरी हो गए। कंपनी के साइट इंजीनियर विक्रांता कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी 2019 से झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के तहत घर-घर गैस पाइपलाइन कनेक्शन का काम कर रही है। गोदाम गुमो के राजपूत मोहल्ले में सत्यनारायण सिंह के मकान में है। 14 अगस्त की शाम को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टियों के कारण गोदाम में ताला लगाकर कर्मचारी ऑफिस चले गए। मंगलवार को जब गोदाम खोला गया तो सारा सामान गायब मिला। जांच में पता चला कि चोरों ने छत का दरवाजा तोड़कर गोदाम में प्रवेश किया। विक्रांता कुमार के अनुसार, चोरी हुए उपकरणों की कीमत लगभग 7-8 लाख रुपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## बिरसा मुंडा पार्क का मेंटेनेंस करने में नाकाम साबित हो रहा नगर निगम, गंदगी का अंबार, टूट गये सरकारी झूले

**धनबाद, एजेंसी।** शहर का बिरसा मुंडा पार्क बदहाली का शिकार हो गया है। कभी लोगों के लिए सुकून और बच्चों के लिए मनोरंजन का ठिकाना माना जाने वाला यह पार्क अब उपेक्षा की मार झेल रहा है। पार्क में लगे झूलों की स्थिति बेहद खराब है। कई झूले टूट कर एक किनारे फेंक दिये गये हैं। स्लाइडर झूले में बड़े-बड़े छेद हो चुके हैं। बच्चों को लटकने वाले झूलों पर अब झाड़-झंखाड़ उग आये हैं। झूले के नीचे जगह-जगह कीचड़ और पानी भरा हुआ है। इससे न सिर्फ बच्चों का खेलना मुश्किल हो गया है, बल्कि दुर्घटना का डर भी बना रहता है। पार्क की अपनी टॉय ट्रेन ब्रेकर टूट गया है। कैटर पिलर झूले किसी काम के नहीं रहे। ड्रेगन ट्रेन, धूम व वोटैक्स रनिंग कंडिशन में है। पार्क में लगे नल लंबे समय से बंद पड़े हैं। प्यास लगे तो बोतलबंद पानी खरीदना विवशता है। चारों ओर फैली गंदगी से दुर्गंध उठती रहती है। इससे पार्क में टहलना भी मुश्किल हो गया है। विडंबना यह है कि पार्क में निजी झूले और सुविधाएं चकाचक हैं, जबकि सार्वजनिक झूले और साधन पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्क की हालत सुधारने के लिए नगर निगम और पार्क प्रबंधन को तुरंत कदम उठाने चाहिए, वरना यह स्थल लोगों के लिए बोझ और शर्मिंदगी का कारण बनकर रह जाएगा। इधर, नगर निगम के अधिकारी की मानें तो पिछले साल सभी झूले की मरम्मत व रंग रोगन कराया गया था। झूले की टूटने की जानकारी नहीं है। बुधवार को स्पॉट जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# रांची, चतरा, खूंटी, गुमला और लातेहार सदर अस्पताल में शुरू होगा 10 बेड का आईसीयू



**रांची, एजेंसी।** अब जिलों के सदर अस्पताल में भी गंभीर मरीजों का इलाज हो सकेगा। पहले चरण में पांच जिले रांची, चतरा, खूंटी, गुमला व लातेहार के सदर अस्पताल में 10 बेड की आईसीयू को आधुनिक बनाया जा रहा है। दूसरे चरण में शेष 19 जिलों में इसे लागू किया जाएगा। खास बात यह है कि मरीज भले ही उन जिलों के सदर अस्पताल में भर्ती रहेंगे, पर उनका पल्स, बीपी, हार्ट रेट आदि की मॉनिटरिंग सीधे रिम्स के विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे। मरीज की स्थिति देखते हुए उन्हें कौन सी दवा देनी है? कौन-कौन सी जांच करानी है?

हर बारीकी पर रिम्स के डॉक्टर संबंधित जिले में पदस्थापित चिकित्सकों को परामर्श देंगे। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इसका पूरा सेटअप पांचों जिलों के सदर अस्पताल और रिम्स में तैयार किया जा चुका है। रिम्स क्रिटिकल केयर के हेड डॉ। प्रदीप भट्टाचार्य के नेतृत्व इसका संचालन होगा। डॉ। सुदिप्तो बनर्जी नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं।

रिम्स क्रिटिकल केयर के हेड डॉ। प्रदीप भट्टाचार्य ने बताया कि यह परियोजना ई-गवर्नमेंट फाउंडेशन की 5 स्तंभों वाली रणनीति - आधुनिक उपकरण, केयर सॉफ्टवेयर, टेली-आईसीयू नेटवर्क, व्यापक प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह परियोजना झारखंड के सरकारी अस्पतालों में आईसीयू सेवा की गुणवत्ता और पहुंच को व्यापक रूप से सुधारने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यह परियोजना अब तक दस राज्यों में सक्रिय है और अब झारखंड में भी इसकी प्रभावी शुरुआत हो चुकी है।

10 बेडेड आईसीयू को लेकर एक माह पहले रिम्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस सत्र में पांचों जिलों के डॉक्टरों, फिजिशियन्स और नर्सिंग स्टाफ ने हिस्सा लिया था। प्रशिक्षण में कई अहम विषय शामिल थे, जिनमें बीएलएस और एसीएलएस विषय पर भुवनेश्वर से प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पेलिएटिव केयर पर पल्लियम इंडिया के विशेषज्ञों ने, ट्रॉमा मैनेजमेंट पर आईजीआईएमएस पटना से एटीएलएस विशेषज्ञ और वेंटिलेटर व आईसीयू प्रोटोकॉल विषय पर रिम्स के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग दी गई।

रिम्स के क्रिटिकल केयर विभाग के दूसरे तल्ले पर स्थित आईसीयू में कंप्यूटर, इंटरनेट से लेकर टेली कनेक्टिविटी का पूरा सेटअप तैयार कर लिया गया है। जिलों के लिए 10 बेड का आईसीयू सेटअप कर रही एजेंसी द्वारा डैस बोर्ड भी तैयार कर लिया गया है, जिसमें मरीज की स्थिति सीधे ऑनलाइन रिम्स में देखी जा सकेगी। लाइव कैमरा सेटअप, सेंट्रलाइज्ड सॉफ्टवेयर से लैस पेशेंट मॉनिटर लग चुका है। मरीज के सारे वाइटल्स सॉफ्टवेयर के माध्यम से रिम्स में लाइव दिखाई देंगे। यह विवरण रियल टाइम होगा। इसकी मॉनिटरिंग भी डॉ. सुदिप्तो करेंगे।

## पश्चिमी सिंहभूम में 47 शराब दुकानों के लिए टेंडर जारी, इस दिन होगी लॉटरी



**चाईबासा, एजेंसी।** झारखंड सरकार के उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा पश्चिमी सिंहभूम जिले की 47 शराब दुकानों के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 8 अगस्त से शुरू हुई यह प्रक्रिया 20 अगस्त तक चलेगी, जिसमें इच्छुक आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 22 अगस्त को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया जाएगा, जिसके बाद 1 सितंबर से शराब दुकानों का संचालन शुरू हो जाएगा। जिले में कुल 45 कंपोजिट और 2 देशी शराब की दुकानें संचालित होंगी।

निविदा प्रक्रिया में 20 समूह भाग ले रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक अधिकतम तीन दुकानों के लिए आवेदन कर सकता है। लॉटरी प्रक्रिया पाँच वर्षों के लिए मान्य होगी, जिसके बाद 2030 में पुनः लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। आवेदन शुल्क और सुरक्षा राशि- एक दुकान के लिए आवेदन शुल्क 15,063 रुपये निर्धारित है। लॉटरी में दुकान आवंटित होते ही 10 से 15 लाख रुपये की अग्रिम सुरक्षा राशि जमा करनी होगी। यदि कोई आवेदक आवंटन के बाद दुकान लेने से इनकार करता है, तो सुरक्षा राशि पाँच वर्ष बाद ही वापस की जाएगी।

कंपोजिट दुकान की विशेषता- कंपोजिट शराब की दुकानों में देसी, विदेशी, बीयर समेत सभी ब्रांड की बिक्री की अनुमति होगी। इनके लिए कोई बिक्री लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है। विभाग नकली या अवैध शराब की बिक्री पर नज़र रखेगा। देसी शराब की दुकानों में अलग काउंटर बनाना अनिवार्य होगा।

सहायक आबकारी आयुक्त अरविंद कुजूर ने बताया कि अप्रैल में लाइसेंस का नवीनीकरण कराना होगा। यदि कोई दुकानदार नवीनीकरण नहीं कराता है, तो उसकी दुकान स्वतः ही निरस्त मानी जाएगी।

## अवैध कफ सिरप की तस्करी का भंडाफोड़ : चाईबासा में 3600 बोतल कफ सिरप के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, ट्रक जब्त



**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले की पुलिस ने अवैध कफ सिरप की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से एक मालवाहक वाहन में भारी मात्रा में वनरेक्स कफ सिरप लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर जगन्नाथपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने जैतगढ़ जाने वाली सड़क पर आईटीआई मोड़ तोडांगहातु के पास चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मालवाहक वाहन को रोका। वाहन की तलाशी में 30 पेटी में कुल 3600 वनरेक्स कफ सिरप बरामद हुई। बरामद कफ सिरप की कीमत लगभग 7 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है।पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में राजेंद्र प्रधान (37), अमरदीप लागुरी (31) और सुनील तिर्की (28) शामिल हैं। जांच में पता चला कि इस अवैध धंधे का मुख्य सरगना अनिसुर रहमान उर्फ राजू है। पुलिस के अनुसार, यह कफ सिरप बिना किसी वैध कागजात के जैतगढ़ से जगन्नाथपुर और ओडिशा में बेचा जाना था। पुलिस ने वाहन और कफ सिरप को जब्त कर लिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# 105 दिनों में 5 रूट पर 9200 चालकों की जांच साढ़े तीन माह में नशे में गाड़ी चलाते मिले 183

**रांची, एजेंसी।** नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस सख्त है। अलग-अलग इलाकों में चि?ह्नित जगहों पर लगातार ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। पकड़े गए लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। बावजूद इसके वाहन चालक नशे की हालत में गाड़ी चलाने से बाज नहीं आ रहे। नशे में गाड़ी चलाने वाले लोग अब मुख्य सड़क की बजाए ब्रांच रोड का इस्तेमाल करने लगे हैं। पुलिस ऐसी सड़कों को भी चिह्नित कर चेकिंग करने की तैयारी कर रही है।

पुलिस विभाग के पास दर्ज आंकड़ों को मानें तो पिछले 105 दिनों में शहर के प्रमुख 5 रूट पर 9200 वाहन चालकों की जांच की गई है। इस दौरान 183 चालक नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़े गए। सबसे ज्यादा 52 लोगों को जगन्नाथपुर ट्रैफिक थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा है। इसके बाद लालपुर ट्रैफिक थाना क्षेत्र में 50 वाहन चालक नशे की हालत में पकड़े गए हैं। चुटिया ट्रैफिक थाना क्षेत्र में भी लोग लगातार नशे की हालत में गाड़ी चला रहे हैं, जहां पुलिस ने 46 लोगों को नशे की हालत में पकड़ा है। ट्रैफिक पुलिस ने इनके खिलाफ न्यायालय में कार्यवाही के लिए अभियोजन भेजा है।



मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालक को फाइन काटकर छोड़ा जा सकता है। 6 महीने तक की जेल की सजा हो सकती है। 10 हजार रुपए तक जुर्माना लग सकता है या दोनों हो सकता है। दो या उससे ज्यादा बार नियम तोड़ने पर दो वर्ष तक की सजा हो सकती है। 15 हजार रुपए का जुर्माना हो सकता है या दोनों हो सकता है।

शहर में यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को अभियान चलाया। विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन सवारों की जांच हुई, जिसके बाद 297 वाहनों के चालान काटे गए। पुलिस ने प्रेशर हॉर्न लगाकर चलने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। इसके अलावा काला शीशा, फ्लैग/सूचक बोर्ड, साइलेंसर हटाकर चलने वाले वाहन, नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के अलावा गलत साइड से ड्राइविंग व ?ट्रिपल राइड वाहनों को भी पकड़ा गया। इन सभी को चालान काट कर छोड़ा।

**कितने वाहनों पर किस कारण हुई कार्रवाई :** प्रेशर हॉर्न - 26, काला शीशा लगे - 56, फ्लैग/सूचक बोर्ड लगे - 5, साईलेन्सर हटाकर चलने वाली बाइक - 3, नो-पार्किंग में लगे वाहन - 194, गलत साइड से वाहन चलाते - 2, टो- व्हीकल की संख्या - 4, ट्रिपल राइड बाइक - 4, स्टीकर या बोर्ड लगे वाहन - 3 पर कार्रवाई हुई।

# चाईबासा पुलिस ने किया मादक पदार्थ तस्करी का भंडाफोड़, करीब 7 लाख रुपये का कफ सिरप जब्त



**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर पुलिस को मंगलवार को मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत जैंतगढ़ जाने वाली सड़क पर आइटीआइ मोड़ तोड़ांगहातु के पास चेकिंग अभियान के दौरान रांची से आ रहे एक मालवाहक वाहन को जांच के लिए रोका।

जांच करने पर उसमें भारी मात्रा में ओनेरेक्स कफ सिरप मिला। जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राफेल मुर्मू ने बताया कि जांच के दौरान रांची से तस्करी कर लाए गए कुल 30 पेटी मादक कफ सिरप में 3600 बोतल जब्त किया गया।

बरामद सिरप की अनुमानित बाजार कीमत करीब 7 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने अपनी पहचान आनंदपुर थाना के चिरुमाथा स्कूल टोला निवासी राजेंद्र प्रधान, तोड़ांगहातु निवासी अमरदीप लागुरी और चारबंदिया निवासी सुनील तिर्की के रूप में की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मुख्य सरगना जगन्नाथपुर के रहीमाबाद का अनिसुर रहमान उर्फ राजू है। पुलिस का मानना है कि इस सिरप की तस्करी नशे के रूप में इस्तेमाल के लिए की जा रही थी। इसे जैंतगढ़, जगन्नाथपुर के अलावा ओडिशा में खपाने की तैयारी थी। इस छापेमारी का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राफेल मुर्मू कर रहे थे।

टीम में थाना प्रभारी अविनाश हेम्ब्रम, अभिमन्यु कुमार, विश्वनाथ हेम्ब्रम, हवलदार अजीत एक्का और सिपाही मोहम्मद इबरार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। चालक की पहचान प्रकाश बेहरा के रूप में हुई है। पुलिस ने इस कार्रवाई को नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई बताया है और कहा है कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

इस प्रकार की कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने जनता से भी सहयोग की अपील की है ताकि नशा तस्करी रोकने के लिए कारगर कदम उठाए जा सकें।

## नई कार के बदले बेची थी पेंट की हुई पुरानी गाड़ी, उपभोक्ता आयोग ने लगाया 2 लाख का जुर्माना



**चाईबासा, एजेंसी।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, पश्चिमी सिंहभूम ने एएसएल मोटर्स (आदित्यपुर एवं चाईबासा) और इसके सब-डीलर पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

यह कार्रवाई नई कार की जगह डेंटिंग-पेंटिंग की गई पुरानी कार बेचने के मामले में की गई है। चाईबासा के पुलहातु निवासी दीपक कुमार ठाकुर ने आयोग में 27 जून 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने आरोप लगाया था कि 6 दिसंबर 2023 को उन्होंने टाटा नेक्सन स्मार्ट प्लस एसपी मॉडल की बुकिंग की थी, लेकिन डिलीवरी में उन्हें जंग लगी, पेंट की हुई और तकनीकी खराबी वाली गाड़ी दी गई।

ठाकुर ने लगभग 19 लाख 86 हजार रुपये के हर्जाने की मांग की थी। आयोग ने पाया कि कंपनी ने उपभोक्ता को बुक किए गए मॉडल से अलग वाहन दिया और उसमें री-पेंटिंग, दरवाजों में जंग और गियर की समस्या जैसे दोष थे।

इसे अनुचित व्यापार व्यवहार मानते हुए आयोग ने कंपनी को दोषी ठहराया। आयोग ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए एएसएल मोटर्स को निर्देश दिया कि वे 45 दिनों के भीतर दो लाख रुपये क्षतिपूर्ति अदा करें।

## हजारीबाग में देह व्यापार की सूचना पर पुलिस का एक्शन :23 युवक-युवतियां हिरासत में, फोरलेन में मौजूद 6 होटल सील

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिला प्रशासन ने मंगलवार को फोरलेन स्थित छह होटल और रेस्टोरेंट में छापेमारी की। प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि इन होटलों में अवैध देह व्यापार चल रहा है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 23 युवक-युवतियों को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लिया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस विशेष अभियान में होटल रेस्टोरेंट 7 डेज, होटल रुक्मणी, होटल 2 ईट, होटल स्पाइसी, होटल सिद्धिविनायक और होटल वर्णिका को सील किया गया। एसपी अंजनी अनंजन के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई का नेतृत्व एसडीओ बैजनाथ कामती ने किया। सदर एसडीपीओ अमित आनंद समेत कई थाना प्रभारी और दंडाधिकारी भी मौजूद रहे।

छापेमारी के दौरान सभी चिन्हित होटल में संदिग्ध अवस्था में युवक-युवतियां मिले। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही कई लोग होटल और आसपास के क्षेत्रों से भाग निकले। एसडीओ बैजनाथ कामती ने कहा कि अवैध गतिविधियों में शामिल किसी को भी नहीं छोड़ा जाएगा। फोरलेन पर एक दर्जन से ज्यादा होटल-रेस्टोरेंट हैं। इनमें से छह को चिन्हित कर सील किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हजारीबाग में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# रांची के अल्पसंख्यक स्कूल की 15 छात्राओं ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**रांची, एजेंसी।** रांची के रातू रोड स्थित एक अल्पसंख्यक स्कूल की छात्राओं ने अपने ही शिक्षक पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों का आरोप लगाया है। छात्राओं का कहना है कि शिक्षक अभिषेक कुमार सिन्हा उनसे वीडियो कॉल पर कपड़े उतारने को कहते थे और होटल ले जाने की बात करते थे। 15 से ज्यादा छात्राओं के साथ ऐसी हरकतें हो चुकी हैं। एक छात्रा को होटल तक ले जाने के बाद उसने स्कूल आना ही छोड़ दिया। छात्राओं ने शिक्षा सचिव और अन्य अधिकारियों को गुमनाम पत्र भेजकर शिकायत दर्ज कराई।

सोशल मीडिया पर मामला वायरल होने के बाद मंगलवार रात रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने संज्ञान लिया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को तुरंत जांच करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि देर रात तक पुलिस को छात्राओं या उनके परिजनों से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली थी।

**प्रिंसिपल पर लीपापोती का आरोप :** छात्राओं ने बताया कि उन्होंने सोमवार को स्कूल प्रिंसिपल अनुज कुमार सिंह को मामले की जानकारी दी थी। लेकिन कार्रवाई करने की जगह प्रिंसिपल ने केवल आरोपी शिक्षक को चेतावनी पत्र थमा दिया और पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया।




इतना ही नहीं, प्रिंसिपल ने स्टाफ पर भी दबाव बनाया और सभी से एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवाए, जिसमें लिखा था कि उन्हें छह महीने पहले से घटना की जानकारी थी। कई शिक्षकों ने इसका विरोध किया, लेकिन दबाव डालकर उनसे भी साइन कराए गए।

**जिला शिक्षा विभाग ने बनाई जांच कमेटी :** जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने कहा कि छात्राओं से छेड़छाड़ की शिकायत गंभीर है। इसकी जांच के लिए कमेटी गठित की गई है, जो बुधवार को रिपोर्ट देगी। यदि शिक्षक दोषी पाए गए तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी माना कि स्कूल प्रबंधन ने मामले को दबाने की कोशिश की है। वहीं, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने बताया कि प्रिंसिपल को नोटिस भेज दिया गया है। इसकी हार्ड कॉपी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

छात्राओं का आरोप है कि शिक्षक फरवरी 2024 से ऐसी हरकतें कर रहे हैं। शादी के बाद कुछ दिन तक तो सब ठीक रहा, लेकिन फिर उन्होंने पहले जैसी हरकतें शुरू कर दीं। छात्राओं ने शिक्षक के चैट और संदेश भी अधिकारियों को भेजे हैं। उनका दावा है कि आरोपी ने कई छात्राओं के अश्लील वीडियो अपने मोबाइल और लैपटॉप में रखे हैं, जिनकी जांच जरूरी है।




# हायर एजुकेशन के लिए 10 लाख रुपये तक की मदद करती है ये स्कॉलरशिप

जे.एन. टाटा एंडोमेंट लोन स्कॉलरशिप भारतीय नागरिकों को हायर एजुकेशन के लिए प्रदान की जाने वाली एक स्कॉलरशिप है। हायर एजुकेशन की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार इस स्कॉलरशिप की मदद से अपना सपना पूरा कर सकते हैं। स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार www.jntataendowment.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## क्या है जे.एन. टाटा एंडोमेंट स्कॉलरशिप?

जे.एन. टाटा एंडोमेंट स्कॉलरशिप हायर एजुकेशन करने वाले भारतीय नागरिकों को प्रदान की जाती है। यह स्कॉलरशिप उन छात्रों को लोन प्रदान करती है जो विदेश में पोस्ट ग्रेजुएशन/पीएचडी/पोस्ट डॉक्टोरल/रिसर्च फेलोशिप की पढ़ाई के लिए एकेडमिक वर्ष के लिए अध्ययन कर रहे हैं। यह स्कॉलरशिप एक फंडिंग स्कॉलरशिप है जो लोन स्कॉलरशिप के रूप में काम करती है।


## योग्यता

इस स्कॉलरशिप की योग्यता के अनुसार उम्मीदवार भारतीय होना चाहिए और उसकी उम्र 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए और कम से कम एक ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी की हो या जो भारत में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / कॉलेज / संस्थान में किसी भी ग्रेजुएशन कार्यक्रम के अंतिम वर्ष में हों। इसके साथ ही उम्मीदवार जो फर्स्ट ईयर के अंत में हैं और अपने विदेशी अध्ययन के दूसरे वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। यह तभी लागू होता है जब पाठ्यक्रम की न्यूनतम अवधि 2 वर्ष हो और लोन स्कॉलरशिप प्रदान करने के समय पूरा करने के लिए कम से कम एक पूर्ण शैक्षणिक वर्ष शेष हो। उम्मीदवारों को अपने ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन अध्ययन में औसतन कम से कम 60त्न अंक प्राप्त करने चाहिए।

## जे.एन. टाटा स्कॉलरशिप के लिए ये डॉक्यूमेंट है जरूरी

टाटा स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने से पहले छात्रों के पास कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट होने चाहिए। जेएन टाटा एंडोमेंट लोन स्कॉलरशिप दस्तावेज़ जेएन टाटा एंडोमेंट स्कॉलरशिप चयन प्रक्रिया के दौरान आवश्यक हैं। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय एसओपी (उद्देश्य का विवरण) और एलओआर (सिफारिश पत्र) केवल आवश्यक दस्तावेज हैं।
जेएन टाटा एंडोमेंट स्कॉलरशिप छात्रों को 1,00,000 रुपये और 10,00,000 रुपये के बीच स्कॉलरशिप के रूप में लोन मिलेगा। उम्मीदवार को अधिकतम रु. 7,50,000/– की ट्रेवल असिस्टेंस प्रदान की जाएगी और लोन स्कॉलरशिप में रु. 50,000 ट्रेवल ग्रांट के रूप में दिया जा सकता है।





क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है जो आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक से जुड़ा है. इसमें महिला के एग और पुरुष के स्पर्म को लैब में मिलाकर भ्रूण तैयार किया जाता है. इस पूरी प्रक्रिया में क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजिस्ट की खास भूमिका होती है. यह कोर्स करके आप आईवीएफ लैब में विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकते हैं और इनफर्टिलिटी ट्रीटमेंट में योगदान दे सकते हैं.

# आईवीएफ टेक्नोलॉजी में बनाएं करियर

## करें क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी कोर्स

आईवीएफ टेक्नोलॉजी यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन एक ऐसी तकनीक है, जिसकी मदद से बच्चे नहीं होने की समस्या का इलाज किया जाता है. इसमें महिला के एग और पुरुष के स्पर्म को लैब में मिलाकर भ्रूण बनाया जाता है. इस प्रक्रिया में क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजिस्ट की अहम भूमिका होती है. क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी कोर्स करके आप आईवीएफ लैब में काम करने वाले एक्सपर्ट बन सकते हैं. यह कोर्स AIIMS जैसे संस्थानों में काफी लोकप्रिय है. आजकल इसकी डिमांड तेजी से बढ़ रही है क्योंकि इनफर्टिलिटी के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है. यह एक बेहतरीन करियर विकल्प बनता जा रहा है. आइए इस कोर्स के बारे में विस्तार से जानते हैं.

### क्या है क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी?

AIIMS से MBBS के बाद अगर आप आईवीएफ तकनीक और बच्चे पैदा करने से जुड़ी साइंस (Reproductive Science) के क्षेत्र में अच्छा करियर बनाना चाहते हैं तो Diploma in Clinical Embryology एक अच्छा विकल्प है. यह कोर्स आपको एम्ब्रियोलॉजी आईवीएफ से जुड़े काम लैब में होने वाले तरीके अंडाणु और शुक्राणु को संभालने जैसी खास तकनीकें सिखाता है. इस डिप्लोमा से आप इन्फर्टिलिटी का इलाज और असिस्टेंट रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी में माहिर बन सकते हैं जो आज की हेल्थकेयर फील्ड में तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है.

### करियर स्कोप

भारत में एम्ब्रियोलॉजी का स्कोप बहुत अच्छा है क्योंकि आईवीएफ और टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक की मांग लगातार बढ़ रही है. आईवीएफ क्लिनिक, फर्टिलिटी सेंटर, हॉस्पिटल, मेडिकल रिसर्च और टीचिंग क्षेत्रों में एम्ब्रायोलॉजिस्ट की जरूरत रहती है. अनुभव के साथ सैलरी 4-6 लाख सालाना से शुरू होकर 10-20 लाख सालाना तक जा सकती है. रिसर्च और विदेशों में भी एम्ब्रियोलॉजिस्ट के लिए अच्छे अवसर मौजूद हैं.

### कौन कर सकता है ये कोर्स?


डिप्लोमा इन क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी में एडमिशन के लिए उम्मीदवार को जीव विज्ञान विषय के साथ 12वीं पास होना जरूरी है. कुछ संस्थान ग्रेजुएशन डिग्री की भी मांग करते हैं. 12वीं या ग्रेजुएशन में कम से कम 50% अंक होने चाहिए और उम्र कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए. एडमिशन कुछ कॉलेज मेरिट के आधार पर देते हैं जबकि कुछ जगह एंट्रेंस एग्जाम या इंटरव्यू लिया जाता है.

### एंट्रेंस एग्जाम

डिप्लोमा इन क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी में एडमिशन के लिए अलग-अलग कॉलेज अपने-अपने एंट्रेंस एग्जाम लेते हैं. कुछ कॉलेज NEET PG या AIIMS PG Entrance Exam जैसे मेडिकल एग्जाम के स्कोर पर भी एडमिशन देते हैं. इसके अलावा, कई प्राइवेट यूनिवर्सिटीज अपने खुद के एंट्रेंस टेस्ट भी कराती हैं.

### MBBS के बाद कर सकते हैं कोर्स

MBBS के बाद आप Clinical Embryology में कोर्स करके आईवीएफ और फर्टिलिटी ट्रीटमेंट के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं. इसके लिए आप MSc in Clinical Embryology (2 साल), Post Graduate Diploma (1 साल) या Fellowship Programs (6-12 महीने) कर सकते हैं. इन कोर्स में आईवीएफ तकनीक, अंडाणु और शुक्राणु की तैयारी, भ्रूण का विकास और फ्रीजिंग जैसी प्रक्रियाएं सिखाई जाती हैं. कोर्स पूरा करने के बाद आप आईवीएफ क्लिनिक, फर्टिलिटी सेंटर्स या बड़े अस्पतालों में Embryologist के रूप में काम कर सकते हैं और इस फील्ड में अच्छा वेतन व विदेशों में काम करने के अवसर मिलते हैं.



### क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी करियर ऑप्शन

**आईवीएफ क्लिनिक में एम्ब्रियोलॉजिस्ट**
लैब में भ्रूण (एंब्रियो) से जुड़ा काम करने वाले एक्सपर्ट

**फर्टिलिटी सेंटर में लैब टेक्नीशियन**
टेस्ट और प्रोसेस में डॉक्टर की मदद करने वाले प्रोफेशनल

**एंड्रोलॉजी लैब्स में काम**
पुरुषों की फर्टिलिटी से जुड़े टेस्ट करने का मौका

**एम्ब्रियोलॉजी रिसर्चर**
नई तकनीकों और उपचारों पर रिसर्च करने वाला विशेषज्ञ

**स्टेम सेल बैंकिंग स्पेशलिस्ट**
स्टेम सेल को सुरक्षित रखने और संभालने वाला प्रोफेशनल

**टीचिंग / एकेडमिक्स**
कॉलेज या इंस्टीट्यूट में पढ़ाने और ट्रेनिंग देने का अवसर

**फार्मा और बायोटेक कंपनियों में नौकरी**
रिसर्च, डेवलपमेंट या प्रोडक्ट डिजाइन में करियर

**क्रायोप्रिजर्वेशन एक्सपर्ट**
अंडाणु, शुक्राणु या भ्रूण को फीज़ कर सुरक्षित रखने वाले विशेषज्ञ

**विदेशों में करियर के मौके**
आईवीएफ, रिसर्च और हेल्थकेयर फील्ड में इंटरनेशनल जॉब्स





# डिजिटल मार्केटिंग में नहीं होगी नौकरियों की कमी

डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की डिमांड हर साल 25 से 30 फीसदी की दर से बढ़ रही है। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए डिजिटल मार्केटिंग एक बहुत ही अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। अगर आप भी नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो सफलता के बेसिक डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद ले सकते हैं।

नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए डिजिटल मार्केटिंग एक बहुत ही अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। भारत समेत पूरी दुनिया में अभी डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की काफी डिमांड है। आज बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों से लेकर हजारों छोटी बड़ी कंपनियां ऑनलाइन अपना व्यापार बढ़ाने के लिए बड़े संख्या में डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स को हायर कर रही हैं। देश विदेश में डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की बढ़ती हुई डिमांड को देखते हुए देश की जानी-मानी ऐडटेक कंपनी सफलता डॉट कॉम ने अब देश के युवाओं को डिजिटल मार्केटिंग में दक्ष बनाने के लिए एक खास कोर्स की शुरुआत की है।

### आने वाले कई सालों तक नहीं होगी नौकरियों की कमी

भारत में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 95 करोड़ से भी अधिक है। इंटरनेट यूजर्स की बढ़ती हुई संख्या से इस फील्ड में और भी कस्टमर तैयार होंगे। इससे डिजिटल मार्केटिंग की दुनिया और भी बढ़ेगी और भविष्य में इसमें रोजगार के और भी अवसर उत्पन्न होंगे। साथ ही डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की डिमांड हर साल 25 से 30 फीसदी की दर से बढ़ रही है। इसलिए यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले कई सालों तक इस फील्ड में नौकरियों की कमी नहीं होगी।

### इस कोर्स में क्या है खास

- 50+ लाइव और रिकॉर्डेड क्लासेस
- गूगल सर्टिफाइड एक्सपीरिएंस्ड फैकल्टी
- पीडीएफ क्लास नोट्स
- रेज्यूम बिल्डिंग
- इंटरेक्टिव सेशन
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा मास्टर क्लास सेशन
- वीकली मॉक टेस्ट और असाइनमेंट्स

### सफलता के साथ करें करियर प्लान

अगर आप भी 12वीं या ग्रेजुएशन कर चुके हैं लेकिन अपने करियर को लेकर तमाम तरह की चिंताओं से घिरे हैं तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। देश की जानी-मानी ऐडटेक कंपनी सफलता ने युवाओं की मदद के लिए कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेस की शुरुआत की है जहां से आप घर बैठे खुद को एक किसी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। यहां ग्राफिक डिजाइनिंग और डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई कोर्स मौजूद हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भी सफलता पर लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोर्सेज हैं। यहां से पढ़कर सैकड़ों युवाओं ने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में शानदार नौकरियां हासिल की हैं। अगर आप भी प्राइवेट या सरकारी नौकरी की तलाश में हैं तो आप एक बार सफलता डॉट कॉम पर विजिट जरूर करें और अपनी पसंद के मुताबिक कोर्स में एडमिशन लीजिए जिसके बाद आपको सफलता की फैकल्टी ना केवल आपको प्रोफेशनल बनने के लिए तैयार करेगी बल्कि वो आपका सही करियर चुनने में मार्गदर्शन भी करेगी।



# जीएसटी के प्रस्तावित सुधार से सालाना 85000 करोड़ का होगा नुकसान

### लोगों के खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी में दो स्लैब की प्रस्तावित योजना से सरकार को सालाना 85,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो सकता है। हालांकि, इससे लोगों की खर्च करने की क्षमता 1.98 लाख करोड़ रुपये बढ़ जाएगी। एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट ने कहा, 5 और 18 प्रतिशत की दो दरों वाली संरचना की योजना सरकार की है। पान मसाला और तंबाकू जैसी वस्तुओं सहित 5-7 चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। चालू वित्त वर्ष में नई कर दरों की अवधि अक्तूबर-मार्च मानते हुए राजस्व घाटा 45,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावी भारित औसत जीएसटी दर शुरुआत के समय 14.4 प्रतिशत से घटकर सितंबर, 2019 में 11.6 प्रतिशत हो गई थी। दरों के वर्तमान तर्कसंगत को देखते हुए प्रभावी भारित औसत जीएसटी दर घटकर 9.5 प्रतिशत हो सकती है। हालांकि, उपभोग में वृद्धि महंगाई को नहीं बढ़ाएगी, क्योंकि प्रस्तावित जीएसटी व्यवस्था में ज्यादातर उपभोग की वस्तुओं पर कर कम हो जाएंगे।




रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई महंगाई 0.20 फीसदी से 0.25 फीसदी के दायरे में कम हो सकती है। चूंकि आवश्यक वस्तुओं (खाद्य, कपड़ा, आदि) की जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत होने की उम्मीद है, इसलिए खाद्य वस्तुओं पर 60 प्रतिशत प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस श्रेणी में सीपीआई मुद्रास्फीति भी 10-15 आधार अंकों तक कम हो सकती है। चालू वित्त वर्ष के बजट में घोषित आयकर दरों में कटौती के लाभों को मिला दें तो लोगों के पास 5.31 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च करने की क्षमता बढ़ जाएगी। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 1.6 प्रतिशत है। केंद्र के प्रस्ताव पर बुधवार और बृहस्पतिवार को राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति चर्चा करेगी।

# रेलवे ने सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लि. को दिया रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एनर्जी सेक्टर की कंपनी- सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड को एक बड़ा ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर मंडल से मिला है। कंपनी ने 7.3 मेगावाट की ऑन-ग्रिड रूफटॉप सोलर प्रोजेक्ट के लिए ऑर्डर की घोषणा की है। इस परियोजना का कुल मूल्य 28.84 करोड़ है और यह भारत में क्लीन एनर्जी परिवर्तन को गति देने की सर्वोटेक की यात्रा में एक और मील का पत्थर है।

इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत सर्वोटेक रूफटॉप सौर पीवी प्रणालियों के संपूर्ण कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा। इसमें जयपुर मंडल के अलग-अलग स्थलों पर विभिन्न क्षमताओं के सोलर



प्लांट का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन सर्वोटेक के शेयर में खरीदारी देखी गई। मंगलवार को शेयर 124.69 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले की क्लोजिंग के मुकाबले शेयर 1.45 प्रतिशत बढ़ गया। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 125.50 रुपये तक पहुंच गया था।

## महारत्न कंपनी से फाइटर जेट खरीदेगी सरकार, 62000 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महारत्न कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को बाजार खुलते ही रॉकेट बन गए हैं। एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी इस कंपनी के शेयर बुधवार को क्रस्थ में 3 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 4611.60 रुपये पर जा पहुंचे हैं। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों में यह तेजी एक बड़े बिजनेस अपडेट के बाद आई है। डिफेंस कंपनी को 97 और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्रॉफ्ट तेजस एमके1ए फाइटर जेट्स का ऑर्डर मिलने की खबर है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को 62000 करोड़ रुपये के ऑर्डर को मंजूरी दे दी है। इस ऑर्डर के तहत हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से इंडियन एयर फोर्स के लिए 97 एडिशनल तेजस फाइटर जेट्स खरीदे जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने इस डील को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है। तेजस एमके1ए फाइटर जेट्स को ॠरु के बेंगलुरु स्थित मुख्यालय में बनाया जाएगा। एमके1ए फाइटर जेट्स के लिए यह दूसरा ऑर्डर होगा। इससे पहले, हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 83 एयरक्राफ्ट की सप्लाई का ऑर्डर मिल चुका है। इस ऑर्डर की वैल्यू 36,400 करोड़ रुपये है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस यूबीएस ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड पर न्यूट्रल रेटिंग बनाए रखी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए 4900 रुपये का टारगेट दिया है। ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि ॠरु के लिए यह दूसरा स्न्ध1 ऑर्डर होगा। महारत्न कंपनी को पिछला ऑर्डर फरवरी 2021 में मिला था।

# रिलायंस को 2030 तक दोगुना करना चाहते हैं मुकेश अंबानी

### अभी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 19 लाख करोड़ रुपये है।

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के 44 लाख शेयरहोल्डर्स के लिए अच्छी खबर है। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने फाइनेंशियल ईयर 2030 तक रिलायंस का साइज डबल करने का लक्ष्य रखा है। अभी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 19 लाख करोड़ रुपये है। रिलायंस का यह प्लान ऐसे समय पर आया है जब कंपनी के शेयर पहले से ही इस साल 16 प्रतिशत बढ़ चुके हैं। हालांकि पिछले साल निवेशकों को थोड़ी निराशा हुई थी। अब सबकी निगाहें 29 अगस्त को होने वाली सालाना कंपनी की एजीएम पर है। माना जा रहा है कि अंबानी इस बैठक में कुछ बड़े ऐलान कर सकते हैं, जिससे शेयरधारकों को फायदा होगा।

जून तिमाही में रिलायंस के नतीजे मिलेजुले रहे। लेकिन रिलायंस के मैनेजमेंट ने आगे बढ़ने की पूरी उम्मीद जताई है। उनका कहना है कि 2029-30 तक कंपनी का ईबीआईटीडीए दोगुना हो जाएगा। कंपनी ने यह भी कहा है कि जियो और रिटेल दोनों ही अगले 3-4 साल में अपनी कमाई को दोगुना कर लेंगे। कंपनी को आगे



बढ़ाने में इन दोनों का बड़ा रोल होगा। बुधवार को कंपनी का शेयर बीएसई पर 1420.60 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,551 रुपये है।

सीएलएसए के विकास कुमार जैन ने कहा, हमें उम्मीद है कि जियो और रिटेल की बढ़ती हिस्सेदारी से रिलायंस का ईबीआईटीडीए बहुत जल्द बेहतर होगा। स्टॉक अभी अपनी सही कीमत से कम पर कारोबार कर रहा है। जियो में टैरिफ बढ़ने से अच्छी ग्रोथ हो रही है। रिटेल ऑपरेशंस भी सुधर रहे हैं। इससे स्टॉक में काफी उछाल आ सकता है। उन्होंने कहा कि जियो और रिटेल कारोबार को दोगुना करने का लक्ष्य और नए एनर्जी कारोबार को ओ2सी कारोबार के बराबर लाने का प्लान रिलायंस को एफवाय30 तक दोगुना करने में मदद करेगा।

ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने रिलायंस पर आउटपरफॉर्म रेटिंग देते हुए टारगेट प्राइस 1,650 रुपये रखा है। उनका मानना है कि भारतीय बाजार में रिलायंस का वैल्यूएशन अभी कम है, इसलिए यह बड़े निवेशकों के लिए एक अच्छा मौका है। बड़े-बड़े इन्वेस्टमेंट बैंक भी रिलायंस को सपोर्ट कर रहे हैं। उनका कहना है कि रिटेल और टेलिकॉम मिलकर एफवाय25 के कुल ईबीआईटीडीए का लगभग 54 प्रतिशत हिस्सा हैं। अगले तीन साल में ईबीआईटीडीए में जो भी बढ़ोतरी होगी, उसमें ज्यादातर हिस्सा इन्हीं दोनों का होगा।

ब्रोकरेज हाउस को उम्मीद है कि रिलायंस अपने खर्चों को संभालने के बाद भी अच्छा कैश फ्लो बनाए रखेगी। उसने रिलायंस के शेयर का टारगेट प्राइस 1,695 रुपये रखा है। इस बीच गोल्डमैन सैश का अनुमान है कि एफवाय25-28 में रिलायंस की कमाई 13 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उसका मानना है कि रिलायंस के सभी कारोबार में सुधार होगा। नए फैशन ब्रांड, क्विक कॉमर्स और अपने कंज्यूमर ब्रांड्स से रिलायंस रिटेल की कमाई 17 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। एचएसबीसी ने चार साल बाद रिलायंस को बाय रेटिंग देते हुए टारगेट प्राइस 1,630 रुपये रखा है। नोमुरा का मानना है कि नया एनर्जी कारोबार रिलायंस के लिए अगला ग्रोथ ड्राइवर बन सकता है। कंपनी का लक्ष्य है कि वह इंटीग्रेटेड सोलर सॉल्यूशंस और क्षस्स बैटरी बनाने और लगाने में दुनिया में सबसे आगे रहे। गोल्डमैन साच्स का कहना है कि नए एनर्जी कारोबार की शुरुआत 1जीडब्लू लाइन से हुई है। 2026 तक ये पूरी तरह से इंटीग्रेटेड हो जाएगी और इसकी क्षमता 10जीडब्लू तक पहुंच जाएगी। इससे कंपनी को कम कीमत पर बिजली मिलेगी, जिसका इस्तेमाल वह अपने एनर्जी और डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर में करेगी। ग्रीन एनर्जी के इस्तेमाल से कंपनी को एनर्जी की लागत में लगभग 25 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

## अब डाकघर होंगे स्मार्ट
# इंडिया पोस्ट ने शुरू की 5800 करोड़ की नई एडवांस्ड पोस्टल तकनीक




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अब डाकघर की सेवाएं और तेज होंगी। इंडिया पोस्ट ने देशभर में 5,800 करोड़ की एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी (एपीटी) की शुरुआत की है। नई तकनीक से पार्सल और चिट्ठी की रियल-टाइम ट्रैकिंग संभव होगी। इससे लोग किसी भी बैंक से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा, भारतीय डाक की ओर से एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ करते हुए बेहद प्रसन्न हूं। यह भारत की डिजिटल यात्रा में ऐतिहासिक कदम है। 5,800 करोड़ रुपये के निवेश से एपीटी, इंडिया पोस्ट को विश्वस्तरीय सार्वजनिक लॉजिस्टिक्स संगठन में बदल देगा।

सिंधिया ने आगे लिखा, एपीटी पूरी तरह स्वदेशी प्लेटफॉर्म है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया की सोच से प्रेरित है। उन्होंने बताया कि नई तकनीक से रियल-टाइम निर्णय लेना आसान होगा, ई-कॉमर्स की पहुंच बढ़ेगी, ऑटोमेशन से परिचालन लागत घटेगी और नागरिकों को कहीं भी-कभी भी सेवाएं मिल सकेंगी।

# टॉप-10 में से 8 अरबपतियों की दौलत में सेंध

### केवल वॉरेन बफे और बर्नार्ड अर्नाल्ट के ही नेटवर्थ में इजाफा हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दुनिया के टॉप-10 अमीरों के लिए मंगलवार का दिन अमंगल साबित हुआ। 10 में से 8 अरबपतियों ने दौलत गंवाई। केवल वॉरेन बफे और बर्नार्ड अर्नाल्ट के ही नेटवर्थ में इजाफा हुआ। लैरी एलिसन, जो ओरेकल कॉर्पोरेशन के सह-संस्थापक हैं, ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के 20 अगस्त की लिस्ट के टॉप लूजर रहे। उनकी संपत्ति 15 अरब डॉलर कम होकर 286 अरब डॉलर रह गई है। इतनी संपत्ति के साथ दुनिया के अरबपतियों में दूसरे स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति में इस साल 94.4 बिलियन की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है ।

एनविडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग मंगलवार को दौलत गंवाने वाले अरबपतियों में दूसरे नंबर पर हैं। इनकी संपत्ति में 5.48 अरब डॉलर की सेंध लगी है। इनका नेटवर्थ 153 बिलियन है और वे इस सूची में नौवें स्थान पर हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 38.5 बिलियन का इजाफा हुआ है।

**ट्यूजडे टॉप लूजर :** ट्यूजडे टॉप लूजर में तीसरे नंबर मेटा प्लेटफॉर्म्स के सह-संस्थापक मार्क जुकरबर्ग हैं। इन्हें 5.44 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। जुकरबर्ग 264 अरब



डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के अमीरों में तीसरे स्थान पर हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 56.6 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क 371 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। इनकी संपत्ति में मंगलावर को 4.18 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के साथ ही इस साल उनकी संपत्ति में 61.4 बिलियन की गिरावट हो गई है। जेफ बेजोस को मंगलवार को 3.07 अरब डॉलर का झटका लगा है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 249 अरब डॉलर के साथ बेजोस चौथे स्थान पर हैं। गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज 180 बिलियन की संपत्ति के साथ दुनिया के अमीरों में पांचवें स्थान पर हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 12.2 बिलियन की वृद्धि हुई है। हालांकि, मंगलवार को इनकी संपत्ति भी 1.48 अरब डॉलर कम हुई। बता दें विश्व के सबसे अमीर लोगों की सूची में टेक सेक्टर का दबदबा कायम है। 20 अगस्त 2025 को जारी ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार टॉप-10 अरबपतियों में से 8 टेक्नॉलजी से हैं। टेक शेयरों में गिरावट की वजह से मंगलवार को इनकी संपत्ति में कमी देखने को मिली।

# पेटीएम में मोतीलाल ओसवाल ने बढ़ाई हिस्सेदार

### खरीद डाले 26 लाख से ज्यादा शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड ने पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस में अतिरिक्त शेयर खरीदकर अपनी हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से ऊपर कर ली है। इस बीच, मंगलवार को बीएसई पर वन 97 कम्युनिकेशंस का शेयर 4.58 प्रतिशत चढ़कर 1,227.30 रुपये पर बंद हुआ। शेयर ने ट्रेडिंग के दौरान 1232.65 रुपये तक के स्तर को टच किया। था।




**क्या है डील की डिटेल**

म्यूचुअल फंड कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने 11 अगस्त को खुले बाजार से वन 97 कम्युनिकेशंस के 26,31,244 शेयर खरीदे जिससे उसकी हिस्सेदारी 0.41 प्रतिशत बढ़ गई। इसके बाद पेटीएम में मोतीलाल ओसवाल एमएफ की कुल हिस्सेदारी बढ़कर 5.15 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, उसने इस शेयर लेनदेन के मूल्यांकन का खुलासा नहीं किया। ये शेयर मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड, फ्लेक्सी कैप फंड, ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड और विभिन्न ईटीएफ योजनाओं समेत 20 से अधिक योजनाओं के जरिये खरीदे गए।

ब्रोकरेज की ओर से यह हिस्सेदारी ऐसे समय में बढ़ाई गई है जब चीन के एंट ग्रुप ने बीते दिनों पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में भी अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी।

**पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज को गुड न्यूजः** पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज को ऑनलाइन भुगतान 'एग्रीगेटर' के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है। इसकी मूल कंपनी एवं पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने यह जानकारी दी। इस कदम से पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड पर नए कारोबारियों को जोड़ने पर लगा प्रतिबंध भी हट गया है। यह प्रतिबंध 25 नवंबर, 2022 को कंपनी पर लगाया गया था। बता दें कि कंपनी ने मार्च 2020 में इसके लिए आवेदन किया था लेकिन कंपनी में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से संबंधित कुछ अनुपालन मुद्दों के कारण अनुमोदन अटक गया था।

## मुनाफे में हुई 555 गुने की बढ़ोतरी तो पेनी स्टॉक पहुंचा सीधे अपर सर्किट में

**मुंबई, एजेंसी।** सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी और कंसल्टिंग सेक्टर की एक कंपनी है सिल्वरलाइन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड बीते कुछ दिनों से इसका एक शेयर 10 रुपये के आसपास घूम रहा है। इस कंपनी ने कल ही इस साल की पहली तिमाही मतलब कि 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। इसके बाद कंपनी के शेयर अपर सर्किट को छूने लगे।

बीएसई में सिल्वरलाइन टेक्नोलॉजीज के शेयर कल 10.41 रुपये पर बंद हुए थे। आज क्रस्थ में सुबह इसके शेयर दो फीसदी बढ़ कर 10.61 रुपये पर खुले। इसके साथ ही यह स्टॉक अपर सर्किट में फंस गया। इस शेयर का लोअर और अपर प्राइस का बैंड दो फीसदी का ही है। 2025-26 की पहली तिमाही में कंपनी का ऑपरेटिंग रेवेन्यू बढ़कर 100.08 करोड़ रुपये हो गया।

# दवा सेक्टर में सबसे बड़ी डील करेगी अरबिंदो फार्मा !

### सैकड़ों साल पुरानी विदेशी कंपनी पर है नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत की दवा कंपनी अरबिंदो फार्मा चेक गणराज्य की जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनी ज़ेंटिवा को खरीदने की दौड़ में सबसे आगे है। यह सौदा 5 से 5.5 बिलियन डॉलर (लगभग 43,500 से 47,900 करोड़ रुपये) में हो सकता है। ज़ेंटिवा को एडवेंट इंटरनेशनल नामक कंपनी से खरीदा जाएगा। अगर अरबिंदो फार्मा यह डील करने में सफल होती है, तो यह भारत की किसी भी दवा कंपनी द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा।

साल 2014 में दाइजी सेंक्यो ने रैनबैक्सी में हिस्सेदारी खरीदने के 3.2 बिलियन डॉलर की डील की थी जबकि बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने विटारिस के बायोसिमिलर कारोबार को खरीदने के 3.3 बिलियन डॉलर खर्च गए थे। ज़ेंटिवा को खरीदने की होड़ में अरबिंदो फार्मा का मुकाबला अमेरिका की प्राइवेट इक्विटी फर्म तञ्झष्टक्रसे है। दोनों कंपनियां इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रही हैं।

कई वित्तीय निवेशकों और दवा कंपनियों से ज़ेंटिवा को खरीदने के लिए संपर्क किया गया था। एक पीइ अधिकारी ने बताया कि मई से प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। कुछ हफ्ते पहले बोलियां जमा की गई थीं और बातचीत अंतिम चरण में है। अब कीमत पर कोई बात नहीं हो रही है। अगले कुछ हफ्तों या एक महीने में औपचारिक घोषणा हो सकती है। ज़ेंटिवा , अरबिंदो फार्मा को पूर्वी यूरोप (चेक गणराज्य, रोमानिया और स्लोवाकिया) में अपना कारोबार बढ़ाने में मदद करेगी। इन देशों में बाजार बढ़ रहा है और लोग बड़ी दवा कंपनियों के पेटेंट खत्म होने के बाद बायोसिमिलर दवाओं को अपना रहे हैं।

पूर्वी यूरोप में स्वास्थ्य सेवाओं पर ज्यादातर खर्च सरकार द्वारा किया जाता है। इसलिए, यहां से होने वाली कमाई अमेरिका की तुलना में ज्यादा स्थिर है, क्योंकि अमेरिका में दवाओं की कीमतें लगातार घटती रहती हैं। अरबिंदो फार्मा की कमाई में यूरोप का हिस्सा पहले से ही भारत की अन्य दवा कंपनियों से ज्यादा है। साल 2024 में ज़ेंटिवा की कमाई 1.7 बिलियन यूरो (लगभग 1.98 बिलियन डॉलर) थी और इसका एबिटा 400 मिलियन यूरो (लगभग 467 मिलियन डॉलर) था। दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के माहौल के बीच अरबिंदो फार्मा इतना बड़ा जोखिम लेने को तैयार है। एनालिस्ट्स ने इस बात पर हैरानी जताई है। अरबिंदो फार्मा का मार्केट कैप 63,684.90 करोड़ रुपये (लगभग 7.4



बिलियन डॉलर) है, जबकि ज़ेंटिवा एक प्राइवेट कंपनी है। सूत्रों के अनुसार अरबिंदो फार्मा ने स्न्न्त से 4.75 बिलियन डॉलर का कर्ज लिया है। बाकी 800 मिलियन डॉलर कंपनी अपने आंतरिक संसाधनों से जुटाएगी। अरबिंदो और ज़ेंटिवा ने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया है।

ब्लूमबर्ग ने पिछले साल नवंबर में ज़ेंटिवा को बेचने की खबर दी थी और इस साल जुलाई में अरबिंदो की रुचि के बारे में बताया था। ज़ेंटिवा की शुरुआत 15वीं शताब्दी में ब्लैक ईगल फार्मेसी के रूप में हुई थी। 1946 में इसका राष्ट्रीयकरण किया गया और इसके बाद इसके कई मालिक बदले। 1998 में कंपनी के मैनेजमेंट ने इसका ज्यादातर हिस्सा खरीद लिया और इसे जेनेरिक दवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बदल दिया।

महिला विश्व कप 2025:

# बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम का किया ऐलान

## इन 15 खिलाड़ियों की चमकी किस्मत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से शुरू होकर यह टूर्नामेंट 8 टीमों के बीच खेला जाएगा। नीतू डेविड की अगुवाई वाली महिला चयन समिति ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है। टीम की घोषणा के बाद नीतू डेविड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी स्क्वॉड का ऐलान किया। इस बड़े टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी।

### वर्ल्ड कप 2025 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का स्क्वॉड

**कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ टीम में शामिल हैं** – स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, ऋचा घोष, क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया और स्नेह राणा।

### टीम इंडिया का वर्ल्ड कप 2025 शेड्यूल घोषित -

आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 में भारत अपना पहला मुकाबला 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 5 अक्टूबर को टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। 9 अक्टूबर को भारत का मैच साउथ अफ्रीका से, 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से, 19 अक्टूबर को इंग्लैंड से, 23 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से और 26 अक्टूबर को बांग्लादेश से होगा। यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित होगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो के न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगा, जबकि भारत में मुकाबले बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी और विशाखापत्तनम में होंगे।



- **शेफाली वर्मा को टीम इंडिया में जगह नहीं मिली** – आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है, जो लंबे समय से यह जिम्मेदारी निभा रही हैं। टीम में प्रतिका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा और जेमिमा रॉड्रिग्स जैसी स्टार खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हालांकि, शेफाली वर्मा को इस बार टीम से बाहर रखा गया है। हाल के दिनों में उनका प्रदर्शन खास नहीं रहा और इसी कारण उन्हें स्कॉड में जगह नहीं मिल पाई। फिलहाल वह भारतीय ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं।

# वीजा विलंब से एथलीट परेशान

## विश्व चैंपियनशिप से पहले भारतीय मुक्केबाजों का ब्रिटेन अभ्यास दौरा बाधित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप से पहले भारतीय मुक्केबाजों की अभ्यास के लिये ब्रिटेन यात्रा वीजा मिलने में विलंब के कारण बाधित हो गई है। भारतीय दल को रविवार को कई देशों के अभ्यास शिविर में भाग लेने शेफील्ड जाना था । चार से 14 सितंबर तक लिवरपूल में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिये यह शिविर अहम माना जा रहा है। सिर्फ चार महिला मुक्केबाजों और कोचिंग स्टाफ के कुछ सदस्यों को ही वीजा मिल सका और वे ब्रिटेन पहुंचे हैं। दस सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम और छह महिला मुक्केबाज अभी भी एनआईएस पटियाला में हैं और वीजा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। इस समय पुरूष मुक्केबाजों के पास सिर्फ एक कोच है क्योंकि मुख्य कोच धर्मेंद्र यादव समेत तीन अन्य कोच शेफील्ड में हैं।

यादव ने कहा, हम तीन यहां पहुंच गए हैं लेकिन बाकी पुरूष मुक्केबाज वीजा का इंतजार कर रहे हैं। हमें बुधवार से अभ्यास शुरू करना था लेकिन इसे रद्द करना पड़ा क्योंकि हमें नहीं पता कि वीजा कब मिलेगा और मुक्केबाज यहां कब पहुंचेंगे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के कामकाज का संचालन कर रही अंतरिम समिति ने कहा कि वह ब्रिटेन में भारतीय दूतावास, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के लगातार संपर्क में है। समिति के सदस्य अर्जुन मलिक ने कहा, लेकिन प्रक्रिया स्वचालित है जिससे किसी भी दखल से विलंब का समाधान नहीं निकल सकता । हमारी तरफ से पूरी तैयारी है लेकिन तस्वीर साफ होने पर ही बाकी सदस्य बिना विलंब के ब्रिटेन पहुंच सकेंगे । अभी तक 31 सदस्यीय दल में से 12 सदस्य इंग्लैंड पहुंच पाए हैं। दो बार की विश्व



चैम्पियन निकहत जरीन, मीनाक्षी, पूजा रानी और नुपूर शेरोन ही शेफील्ड पहुंच सके हैं। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन, राष्ट्रमंडल खेल पदक विजेता जैसमीन लंबोरिया, एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंदर समेत बाकी अभी पटियाला में ही हैं। शिविर में आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, उजबेकिस्तान, अमेरिका और पोलैंड समेत कई देशों के मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

आईसीसी वनडे रैंकिंग:

# केशव महाराज बने नंबर वन गेंदबाज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज बुधवार को आईसीसी द्वारा जारी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। महाराज ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट लेकर सीरीज के पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। केशव महाराज दो स्थान की छलांग लगाते हुए 687 अंक के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के महेश तीक्ष्णा और भारत के कुलदीप यादव को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। तीक्ष्णा दूसरे जबकि कुलदीप तीसरे स्थान पर चले गए हैं। नामीबिया के बर्नार्ड स्कोल्ट्ज चौथे, अफगानिस्तान के राशिद खान पांचवें, न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर छठे, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी सातवें, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा आठवें, भारत के रवींद्र जडेजा नौवें और ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा दसवें स्थान पर हैं। शीर्ष 10 गेंदबाजों में 9 गेंदबाज स्पिनर हैं। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी एकमात्र तेज गेंदबाज हैं, जिनका नाम वनडे के शीर्ष दस गेंदबाजों की सूची में शामिल है। केशव महाराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को हुए वनडे मैच में 10 ओवर में 33 रन देकर 5 विकेट लिए। उनके दमदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 98 रन से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 297 रन की जरूरत थी। केशव महाराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए मैच में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। महाराज दक्षिण अफ्रीका की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले पहले स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने 59 टेस्ट में 203, 49 वनडे में 63 और 39 टी20 में 38 विकेट लिए हैं। उनके कुल अंतरराष्ट्रीय विकेटों की संख्या 304 है। शॉन पोलॉक 823 विकेटों के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज हैं। पोलॉक ने 421 टेस्ट, 387 वनडे और 15 टी20 विकेट लिए हैं।

Sinquefield Cup Chess:

# सिंकफील्ड कप में गुकेश की जीत, अब्दुसत्तोरोव को हराकर की जबरदस्त वापसी

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने शुरुआती दौर की असफलता को पीछे छोड़ते हुए यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर शानदार जीत दर्ज की। पहले दौर में अपने साथी भारतीय खिलाड़ी



गुकेश को हराने वाले आर प्रज्ञानंद ने दूसरे दौर में अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे। एक अन्य मैच में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ को हराया। अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने हमवतन सैमुअल सेवियन के साथ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बनाए रखी। एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने 10 खिलाड़ियों के 3,75,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ खेला।

अब जबकि सात दौर का खेल होना बाकी है तब प्रज्ञानंद, अरोनियन और फिरोजा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। गुकेश, कारूआना, वेस्ली सो, सेवियन और वाचियर-लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। डूडा आधे अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव लगातार दूसरी बाजी हारने के बाद अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं।

# एशिया कप के लिए श्रेयस अय्यर की जगह बनाई जा सकती थी: आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 के लिए बीसीसीआई ने 19 अगस्त को टीम की घोषणा कर दी। 15 सदस्यीय टीम में श्रेयस अय्यर को जगह नहीं मिली है। पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि श्रेयस अय्यर को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में एशिया कप के लिए टीम के साथ रखा जा सकता है।

आकाश चोपड़ा ने कहा है कि श्रेयस अय्यर को टीम से बाहर रखने की वजह से उनके टी20 करियर को लेकर बोर्ड की तरफ से कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने बुधवार को अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, श्रेयस अय्यर ने शॉर्ट गेंद के खिलाफ अपनी कमजोरी में सुधार किया है। स्पिन को बेहतर खेलते हैं। आईपीएल में 175 की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए और अपनी कप्तानी में पंजाब किंग्स को फाइनल में लेकर गए। इसके बावजूद उन्हें एशिया कप की मुख्य और रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में जगह न मिलना हैरान करता है। आकाश चोपड़ा ने कहा कि यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल और प्रसिद्ध कृष्णा का नाम रिजर्व खिलाड़ियों में है, लेकिन यहां भी श्रेयस का नाम नहीं है। रिजर्व सूची में उनका नाम होना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि श्रेयस अय्यर को टीम में आने के लिए और क्या करना होगा। श्रेयस जो कर चुके हैं, उससे ज्यादा क्या कर सकते हैं? आईपीएल में



अपनी कप्तानी में पंजाब को फाइनल में ले गए, 600 से अधिक रन बनाए, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में रन बनाए और टीम को चैंपियन बनाया, रणजी खेला और चैंपियंस ट्रॉफी जीती। एक इंसान के तौर पर आप बस इतना ही कर सकते हैं। आकाश ने कहा कि यह एशिया कप है। इसे विश्व कप से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। मेरा मानना है कि अगर श्रेयस वनडे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते रहे तो टी20 विश्व कप 2026 की टीम में जगह बना सकते हैं। मुझे यकीन है कि वह टी20 विश्व कप का हिस्सा होंगे।

श्रेयस अय्यर भारत की तरफ से 51 टी20 मैचों की 47 पारियों में 136.13 की स्ट्राइक रेट से 1,104 रन बना चुके हैं। इस दौरान 8 अर्धशतक उन्होंने लगाए हैं। सर्वाधिक स्कोर 74 है।

# सालाह इंग्लिश फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए, महिलाओं में कैल्डेन्टी को अवॉर्ड


**लंदन, एजेंसी।** इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सालाह को मंगलवार को प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन पुरस्कारों में पिछले सत्र के लिए इंग्लिश फुटबॉल में साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष चुना गया। वहीं, महिलाओं में आर्सेनल की मिडफील्डर मैरियोना कैल्डेन्टी ने यह अवॉर्ड जीता। इस पुरस्कार के लिए इंग्लैंड में खेलने वाले साथी पेशेवर खिलाड़ी मतदान करते हैं। सालाह ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मिस्र के इस 33 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने प्रीमियर लीग में 29 गोल किए, जिसकी बदौलत लिवरपूल ने रिकॉर्ड 20वीं बार चैंपियनशिप जीती। सालाह ने इस वर्ष के शुरू में तीसरी बार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन का फुटबॉलर ऑफ द ईयर पुरस्कार भी जीता था। महिला वर्ग में 29 वर्षीय कैल्डेन्टी ने आर्सेनल के साथ अपने पहले सत्र में शानदार



प्रदर्शन किया और सभी प्रतियोगिताओं में 19 गोल किए। एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष युवा खिलाड़ी चुना गया, जबकि सबसे अधिक कीमत पर आर्सेनल से जुड़ने वाली कनाडा की स्ट्राइकर ओलिविया स्मिथ ने महिला वर्ग में यह पुरस्कार हासिल किया।

**एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड को जीत दिलाई** – फुटबॉल की अन्य खबरों में किलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेजबान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था।

# एमबाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदला, रियाल मैड्रिड को दिलाई जीत



**मैड्रिड, एजेंसी।** काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेज़बान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।



एशिया कप हॉकी

# एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान


## लाकड़ा और दिलप्रीत को जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान बुधवार को किया गया जिसमें फॉरवर्ड शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने अपनी जगह बरकरार रखी है। टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक खेला जायेगा जिसके विजेता को अगले साल एफआईएच पुरूष विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा जो 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होना है। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान हैं । राजिंदर सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत आस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम का हिस्सा थे। राजिंदर को शमशेर सिंह की जगह चुना गया, जबकि लाकड़ा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाले ललित उपाध्याय की जगह ली है। दिलप्रीत को गुरजंत सिंह पर तरजीह मिली है।

स्ट्राइकर ललित उपाध्याय ने जून में एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया था। भारत को एशिया कप में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ पूल ए मिला है। भारतीय टीम 29 अगस्त को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है। गोलकीपिंग का दारोमदार कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा पर होगा। डिफेंस में हरमनप्रीत और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह हैं। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, लाकड़ा और दिलप्रीत जिम्मा संभालेंगे। नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति को रिजर्व में रखा गया है। टीम चयन के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हमने अनुभवी टीम चुनी है । विश्व कप क्वालीफिकेशन को देखते हुए एशिया कप हमारे लिए महत्वपूर्ण है लिहाजा हमें दबाव में अच्छा खेलने वाले खिलाड़ी चाहिए।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर-** सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक
**डिफेंडर-** हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह
**मिडफील्ड-** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह
**फॉरवर्ड-** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह
**रिजर्व खिलाड़ी-** नीलम संजीप सेस और सेल्वम कार्ति।





### फिल्म 'चिरंजीवी हनुमान' के प्रोड्यूसर पर भड़के अनुराग कश्यप, बोले-

# इनका मकसद सिर्फ पैसे कमाना

बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप अपने बेबाक बयानों के लिए हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। इस बार उन्होंने निशाना साधा है आने वाली एआई-जनरेटेड फिल्म 'चिरंजीवी हनुमान - द इटरनल' पर। यह फिल्म अबंडेंटिया एंटरटेनमेंट और कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क के हिस्ट्रीवर्स द्वारा घोषित की गई है और दावा किया जा रहा है कि यह भारत की पहली बड़ी मेड इन एआई मेड इन इंडिया फिल्म होगी, जिसकी रिलीज हनुमान जयंती 2026 पर तय की गई है।

## क्यों भड़के अनुराग कश्यप?

कलेक्टिव आर्टिस्ट नेटवर्क के फाउंडर-सीईओ और फिल्म के निर्माता विजय सुब्रमण्यम पर अनुराग कश्यप आगबबूला हो गए। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर सीधे विजय को आड़े हाथों लिया। अनुराग ने लिखा कि एक तरफ वो कलाकारों, लेखकों और निर्देशकों का प्रतिनिधित्व करते हैं और दूसरी तरफ एआई से बनी फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। कश्यप के मुताबिक, ये उन रचनाकारों के हितों से सीधा विश्वासघात है, जिनकी मेहनत और प्रतिभा पर ये एजेंसियां टिकी हुई हैं।

## पैसे के लिए सबकुछ- कश्यप का आरोप

अनुराग ने अपने नोट में एजेंसियों पर यह आरोप भी लगाया कि उनका मकसद केवल पैसे कमाना है। उन्होंने कहा कि जब कलाकार उनके लिए पर्याप्त मुनाफा नहीं कमा पाते, तो ये एजेंसियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा ले लेती हैं। उन्होंने कहा, जिस किसी भी अभिनेता या कलाकार में आत्मसम्मान है, उसे इस एजेंसी से सवाल करना चाहिए या इसे छोड़ देना चाहिए। उन्होंने विजय सुब्रमण्यम पर तंज कसते हुए लिखा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के ऐसे लोग रीढ़विहीन हैं और ऐसे लोगों की जगह गटर में है।

# कल्पना चावला की बायोपिक करना चाहती हैं कुब्रा सैत

- 'सन ऑफ सरदार 2' को मिली प्रतिक्रिया पर जताई खुशी

अभिनेत्री कुब्रा सैत जल्द ही काजोल के साथ 'ट्रायल सीजन 2' में नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में काम किया था। अमर उजाला से बातचीत में कुब्रा ने अपनी फिल्मों के अनुभव, इंडस्ट्री में आए बदलाव और आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से चर्चा की।

अजय देवगन के साथ 'सन ऑफ सरदार 2' में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कुब्रा ने बताया कि मुझे याद है पहली मीटिंग डायरेक्टर और टीम के साथ हुई थी। तभी लगा कि मेरा किरदार बिल्कुल वैसा ही है जैसा मैं चाहती थी। स्क्रिप्ट देखकर बहुत अच्छा लगा और महसूस हुआ कि मैं इसे सही तरीके से निभा सकती हूं। हां, शूटिंग और वीजा की तैयारियां थोड़ी तनावपूर्ण थीं, लेकिन शुरुआत से ही बहुत खुशी और उत्साह था। हर दिन सेट पर कुछ नया और मजेदार होता था। फिल्म के क्लाइमेक्स सीन से जुड़ा किस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि क्लाइमेक्स सीन स्कॉटलैंड की ठंडी हवाओं में शूट हुआ था, जहां सबके दांत कांप रहे थे। लेकिन सेट पर हंसी और मस्ती का माहौल था। संजय मिश्रा और दीपक डोबरियाल के साथ मेरे सारे सीन्स बहुत मजेदार और एनर्जेटिक थे। हर दिन सेट पर कुछ न कुछ ऐसा हुआ जो हमेशा याद रहेगा।

# विस्टा विलेज के लिए मलयालम सीखना एक चुनौती थी: सनी लियोनी



**एक्ट्रेस** सनी लियोनी के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने वाली है। वो बहुत जल्द साउथ इंडियन सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। वो साउथ की पहली फिल्म करने जा रही हैं। इसका नाम होगा 'विस्टा विलेज'। इस फिल्म में काम करने का अनुभव कैसा रहा, क्या चुनौतियां सामने आईं, इस बारे में सनी लियोनी ने बात की है। सनी ने कहा, विस्टा विलेज में काम करना मेरे लिए एक बहुत ही खास अनुभव रहा है। मलयालम सीखना निश्चित रूप से एक चुनौती थी, लेकिन साथ ही बहुत फायदेमंद भी रही और इसने मुझे अपने किरदार से जुड़ने में मदद की। कासरगोड के खूबसूरत, दुर्गम इलाकों में शूटिंग करना वाकई यादगार रहा और मुझे केरल में हमेशा बहुत प्यार मिला है। मैं इस फिल्म के लिए वाकई बहुत उत्साहित हूं, खासकर इसकी रिलीज को लेकर। यह फिल्म चार भाषाओं में रिलीज हो रही है और मैं बेसब्री से इसका इंतजार कर रही हूं। इस फिल्म को तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म की शूटिंग केरल के कासरगोड के सुदूर इलाकों में की गई है और इसमें मलयालम सिनेमा के लगभग 40 कलाकारों के साथ शूटिंग हुई है। उनके साथ-साथ बॉलीवुड, कश्मीर, पंजाब और अन्य क्षेत्रों के कलाकार भी इसमें हैं। इसकी स्टोरी पारिवारिक ड्रामा, कॉमेडी, सस्पेंस और युवाओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है। विस्टा विलेज इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म में से एक है। सनी लियोनी की यह पहली दक्षिण भारतीय फिल्म है, जिसके लिए फैंस उत्साहित दिख रहे हैं। उनके फैंस उन्हें मूवी में नए अवतार में देखने के लिए बेकरार हैं। इस फिल्म को डब्लूएममूवीज प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसके निर्देशक पम्पल्ली हैं। हाल ही में इसके टाइटल लॉन्च की तस्वीरें सोशल मीडिया पर मेकर्स ने शेयर की थीं। यह मूवी जल्द ही फ्लोर पर आएगी।

# मैंने जासूसी फिल्में देखकर किरदारों के हाव-भाव और शारीरिक भाषा को समझा: नीरू बाजवा

अभिनेत्री नीरू बाजवा जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'तेहरान' में नजर आएंगी। उन्होंने अपने किरदार की तैयारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जासूसी फिल्मों ने इस किरदार के लिए उनकी बहुत मदद की। नीरू ने बताया कि किरदार के फिजिकल लैंग्वेज को समझने के लिए उन्होंने ढेरों जासूसी फिल्में देखीं। नीरू ने कहा, मैंने कोई खास रिहर्सल या एक्टिंग नहीं की थी। मैंने सिर्फ जासूसी फिल्में देखकर किरदारों की चाल-ढाल, हाव-भाव और शारीरिक भाषा को समझा। इस सहज तरीके से उन्हें सेट पर स्वाभाविक अभिनय करने में मदद मिली, जिससे उनके किरदार में और भी गहराई आई। नीरू ने अपने को-एक्टर जॉन अब्राहम की तारीफ करते हुए कहा, जॉन बहुत विनम्र और सकारात्मक इंसान हैं। उन्होंने सेट पर सभी को सहज रखा, जिससे हमारा काम और भी बेहतर हुआ। उन्होंने जॉन के साथ अभिनय को एक शानदार अनुभव बताया और कहा, जॉन एक बेहतरीन को-एक्टर हैं। उनकी एनर्जी और जोश कमाल है। एक अच्छा को-एक्टर आपके अभिनय को निखारता है और तेहरान में जॉन ने ऐसा ही किया। नीरू ने फिल्म को चुनने की वजह साझा करते हुए कहा, मेरे किरदार की मजबूती और स्पष्टता ने मुझे आकर्षित किया। यह एक ऐसी महिला की कहानी है, जो मुश्किल हालात में भी सिद्धांतों पर अडिग रहती है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हूं जो अपने विश्वासों के लिए डटकर खड़ी होती है। उन्होंने तेहरान को एक ऐसी फिल्म बताया जो न केवल मनोरंजन करती है, बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती है। नीरू ने कहा, यह एक साहसी और बेबाक कहानी है, जिसका हिस्सा बनकर मुझे खुशी है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित फिल्म तेहरान को मैडॉक फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। वहीं, इसमें जॉन अब्राहम, मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा, मधुरिमा तुली और अभिजीत लाहिरी जैसे स्टार्स शामिल हैं। फिल्म सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है।



# जंगल, प्यार और खून-खराबा.. हॉरर लव स्टोरी थामा का टीजर रिलीज

**प्रोडक्शन** हाउस मैडॉक फिल्म्स अपनी हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स के लिए जाना जाता है। स्त्री, स्त्री 2, और भेड़िया जैसी फिल्मों के बाद अब इस यूनिवर्स की अगली फिल्म थामा आ रही है, जिसका टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इसमें रोमांस के साथ-साथ हॉरर और एक्शन का अनोखा मेल देखने को मिल रहा है। फिल्म में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। टीजर की शुरुआत एक घने जंगल से होती है, जहां आयुष्मान और रश्मिका एक-दूसरे के साथ समय बिता रहे हैं। इस दौरान बैकग्राउंड से आवाज आती है, रह पाओगी मेरे बिना? 100 साल तक? और इस पर एक्ट्रेस जवाब देती है, 100 साल तो क्या, एक पल के लिए भी नहीं। इस डायलॉग के बाद कहानी भयानक मोड़ लेती है। आयुष्मान और रश्मिका की लव स्टोरी के बीच टीजर में डरावने और थ्रिल से भरपूर सीन आते हैं। जंगल में कुछ अजीब घटनाएं होती हैं।



आयुष्मान जानवरों और खतरनाक ताकतों से लड़ते नजर आते हैं। टीजर की लंबाई करीब 1 मिनट 49 सेकंड है और इसमें कई ऐसे सीन हैं, जिन्हें देख आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इसमें मलाइका अरोड़ा के डांस की झलक भी है। वहीं, वेब सीरीज पंचायत के प्रह्लाद चा यानी फैसल मलिक भी इस फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। टीजर के आखिर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी डरावने लुक में दिखते हैं और कहते हैं, पिछले 75 सालों से कोई रोमांस नहीं देखा मैंने... चालू रखो। इस झलक से स्पष्ट है कि फिल्म में रोमांस के साथ-साथ हॉरर, एक्शन, और थ्रिल का जबरदस्त तड़का है। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। मैडॉक फिल्म्स ने इसे अपनी पहली हॉरर लव स्टोरी बताया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के टीजर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ना डर कभी इतना शक्तिशाली था, और ना प्यार कभी इतना खूनी।

**क ु छ सितारे ऐसे होते हैं जिन्हें अपनी पहचान बनाने के लिए रेड कार्पेट की चमक-दमक की ज़रूरत नहीं होती, पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना उन्हीं में से एक हैं। हाल ही में मुंबई की एक टैक्सी में नज़र आई इस पैन-इंडिया अभिनेत्री ने एक आम-सी सवारी को भी सिनेमा जैसे ग्लैमर में बदल दिया।**



# राशि खन्ना ने मुंबई की रोज़मर्रा की ज़िंदगी को बना दिया एक सौंदर्यशास्त्र की क्लास

राशि खन्ना ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हर ब्लू बुरा नहीं होता, कुछ शहर के नज़ारे के साथ आते हैं। ब्लू कॉटेज-कोर आउटफिट में राशि की दमकती त्वचा और सहज सुंदरता ने एक अलग ही आकर्षण बिखेरा। उनके चेहरे के पास ढीले, सॉफ्ट कर्ल्स उनके लुक में एक मासूम, प्लेफुल टच जोड़ते हैं, वहीं सादगी और एलिगेंस का सही संतुलन भी रखते हैं। पीछे की ओर दिखती ब्लैक-एंड-येलो टैक्सी इस लुक को एक वास्तविक, शहरी एहसास देती है – जो साबित करती है कि फैशन जितना पहनावे से ज़्यादा नज़रिए से जुड़ा है। जो बात सबसे अलग नज़र आती है, वह है राशि का शहर की एनर्जी में खुद को पूरी तरह ढाल लेना, फिर भी हर निगाह खुद पर टिकाए रखना। यह एक ऐसा स्टाइल मोमेंट है जो विरोधाभासों का जश्न मनाता है – सड़कों की कठोर हकीकत और रोज़मर्रा की सुंदरता के बीच की दिलचस्प टक्कर, जो एस्पिरेशनल लेकिन रियल लगती है।

# प्रभास बहुत बड़े स्टार, फिर भी पहले सी मासूमियत बरकरार: श्रीदेवी विजयकुमार



**अभिनेत्री** श्रीदेवी विजयकुमार निर्देशक वेंकटेश निम्मालापुडी की अपकमिंग तेलुगु फिल्म सुंदरकांड में नारा रोहित के साथ मुख्य भूमिका में फिर से वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि उनकी दोस्ती आज भी प्रभास के साथ वैसी ही है जैसी पहली थी। अभिनेत्री ने सुपरस्टार प्रभास की तारिफ की। उन्होंने बताया कि भले ही प्रभास आज बड़े पैन इंडिया स्टार बन चुके हैं, लेकिन उनकी दोस्ती आज भी पहले जैसी ही है। बता दें, श्रीदेवी विजयकुमार ने बतौर बाल कलाकार अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, लेकिन प्रभास के साथ उनकी पहली फिल्म ईश्वर में उन्होंने मुख्य नायिका के रूप में डेब्यू किया था। इस फिल्म का निर्देशन जयंत सी. परांजी ने किया था। सुंदरकांड के प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्रीदेवी से प्रभास के साथ उनकी दोस्ती के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, प्रभास के साथ मेरी दोस्ती आज भी पहले जैसी ही है। प्रभास अब एक बड़े स्टार बन चुके हैं, लेकिन वे जरा भी नहीं बदले। श्रीदेवी ने बताया कि प्रभास आज भी वैसे ही मुस्कुराते हैं और उसी मासूमियत से बात करते हैं जैसे पहले किया करते थे। उन्होंने बताया कि जब वे ईश्वर फिल्म कर रहे थे, तभी पूरी टीम को यह अहसास हो गया था कि प्रभास एक बहुत बड़े स्टार बनेंगे। एक्ट्रेस ने कहा, हम सबको ईश्वर के समय ही पता चल गया था कि प्रभास एक सुपरस्टार बनेंगे। जब हम फिल्म की सक्सेस टूर पर गए थे, तब वहां पर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी। प्रभास हमारी उम्मीद से भी बड़े स्टार बन गए हैं। अपनी वापसी और फिल्म सुंदरकांड के बारे में श्रीदेवी ने कहा, मुझे दोबारा फिल्मों में आकर बहुत खुशी हो रही है। हर एक्टर चाहता है कि उसे एक अच्छा किरदार मिले। इस फिल्म में मेरा किरदार बहुत सार्थक है। दर्शक के तौर पर मुझे यह फिल्म बहुत पसंद आई। इसका आउटपुट कमाल का है। यह ताजा और नया कंटेंट है। सुंदरकांड का निर्माण संतोष चिन्नापोल्ला, गौतम रेड्डी और राकेश महंकाली द्वारा संदीप पिक्चर पैलेस (एसपीपी) बैनर के तहत किया जा रहा है। यह फिल्म 27 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।